हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 01 अंक–07 : जौनपुर, बुधवार 24 अगस्त 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## मुख्यमंत्री योगी ने 160 करोड़ रुपए की 144 आवासीय परियोजना का किया लोकार्पण

लखनऊ ब्यूरो : बीते विधानसभा चुनाव में कानून व्यवस्था एक मुद्दा थी। प्रदेश की आधी आबादी ने इसी मुद्दे पर सरकार के पक्ष में वोट किया। कानून व्यवस्था बेहतर होने के चलते ही बीते वर्षों में चार लाख करोड़ का निवेश उत्तर प्रदेश में हुआ है । अब प्रदेश में निवेशक आना चाहता है और निवेश करना चाहता है। यह कहना है उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का। मुख्यमंत्री बुधवार को लोक भवन में आयोजित पुलिस विभाग के एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने 160 करोड़ रुपए की 144 आवासीय परियोजना का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पांच वर्ष पहले उत्तर प्रदेश की सभी बीमारू प्रदेश की थी। विकास की कोई सोच नहीं थी। कानून व्यवस्था बदतर थी। हर दूसरे तीसरे दिन बड़े दंगे होते थे। जिसके कारण लोगों के धारणाएं बहुत खराब थी। उत्तर प्रदेश के अंदर कोई भी अपने आप को सुरक्षित महसूस नहीं करता था। पुलिस कर्मियों के लिए कोई व्यवस्था नहीं थी। भर्तियां नहीं हो रही थी। पीएसी की 54 कंपनियां



समाप्त कर दी गई थी। महिला पीएसी की कोई व्यवस्था नहीं थी। आपदा प्रबंध के लिए कोई बल नहीं था। हमने इन कमियों को दूर किया। 162000 पुलिसकर्मियों की भर्ती की। पुलिस को आधुनिक बनाने का काम किया जा रहा है। प्रदेश के सभी परि क्षेत्रीय मुख्यालयों पर साइबर लैब की स्थापना की गई है। विशेष सुरक्षा बल का गठन किया। इन्हीं सब का परिणाम है कि आज उत्तर प्रदेश की सुरक्षा व्यवस्था पूरे देश में नजीर बनी हुई है।

## एक अक्तूबर से पश्चिमी और एक नवंबर से पूर्वी यूपी में शुरू होगी धान की खरीद : सीएम योगी

लखनऊ ब्यूरो : सीएम के निर्देश पर खाद्य एवं रसद विभाग ने खरीफ सीजन में धान खरीद की तैयारी शुरू दी है। एक अक्तूबर से पश्चिमी यूपी और एक नवंबर से पूर्वी यूपी के जिलों में किसानों से सीधे धान की खरीद शुरू होगी। प्रदेश सरकार ने खरीफ विपणन वर्ष 2022–23 में किसानों से धान क्रय करने की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। सीएम ने कहा है कि धान क्रय केन्द्रों पर सभी व्यवस्थाएं पहले से ही सुनिश्चित कर ली जाएं, ताकि किसान जब खरीद केन्द्रों पर जाए तो उन्हें कोई दिक्कत न हो। प्रमुख सचिव, खाद्य एवं रसद विभाग ने बताया कि जारी समय–सारिणी में अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि क्रय केन्द्रों, डिपो, मिलर्स, बैंक, निरीक्षण मॉडयूल के अलावा मिलों का पंजीयन तथा सत्यापन, मिलों का आधुनिकीकरण संबंधी कार्य 31 अगस्त तक कर लिया जाए। परिवहन के लिए ई–टेंडरिंग के माध्यम से प्राप्त दरों का



अनुमोदन प्राप्त कर ठेकेदारों की नियुक्ति तथा हेंडलिंग ठेकेदारों की नियुक्ति, धान क्रय केन्द्रों की आवश्यकता का आंकलन कराकर आवश्यक धनराशि, बोरों, स्टाफ तथा कृषकों के लिए सुविधाओं की व्यवस्था 15 सितंबर तक कर ली जाए। कांटा, बांट का सत्यापन, रिपेयरिंग व खराब होने की स्थिति में मैकेनिक का नामांकन 25 सितंबर तक करें। इस बाबत सभी जिलाधिकारियों व अन्य संबंधित अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

## लाल रत्नाकर चुने गए अटेवा के नए संयोजक एवं महामंत्री बने सुनील यादव

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बहुधंधी इंटर कॉलेज के प्रांगण में अटेवा के जिला संयोजक चंदन सिंह एवं जिला उपाध्यक्ष राजेश उपाध्याय के नेतृत्व में ब्लॉक इकाई सुजानगंज का गठन किया गया। चुनाव अधिकारी इंदुप्रकाश यादव जिला मीडिया प्रभारी व सुबाष सरोज जिला संगठन मंत्री ,चुनाव पर्यवेक्षक सत्येन्द्र राय प्रदेश उपाध्यक्ष अटेवा की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ ।जिसमें सर्वसम्मति से सुजानगंज ब्लॉक इकाई का संयोजक लाल रत्नाकर उपाध्याय को व महामंत्री सुनील यादव को चुना गया ।सुनीता यादव को महिला प्रकोष्ठ का संयोजक चुना गया । इसी क्रम में वरिष्ठ उपाध्यक्ष विपिन तिवारी ,उपाध्यक्ष नागेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष शैलेश शुक्ला, उपाध्यक्ष अमित यादव , सन्तोष कुमार दुबे कोषाध्यक्ष,,सतीश तिवारी संयुक्त मंत्री, अखिलेश गुप्ता प्रवक्ता, ,अरविंद गुप्ता सँगठनमंत्री,विनय मिश्रा मीडिया प्रभारी,शैलेश यादव सोशल मीडिया प्रभारी,राजेन्द्र पटेल प्रचार मंत्री के पद पर चुने गए। जिला संयोजक चंदन सिंह ने कहा कि पुरानी पेंशन की बहाली को लेकर हम हमेशा आवाज बुलंद करते रहेंगे, पुरानी पेंशन बंद करके सरकार शिक्षकों के साथ बहुत बड़ा अन्याय कर रही है , इसी के साथ ब्लॉक संयोजक लाल रत्नाकर उपाध्याय ने अग्निवीर भर्ती की तर्ज पर शिक्षकों की भर्ती किए जाने के फैसले पर विरोध जताते हुए कहा कि



यह सरकार की तानाशाही रवैया है , ब्लॉक इकाई गठन होने के पश्चात शिक्षकों ने पुरानी पेंशन के बहाली को लेकर नारा लगाया ''हर जोर जुल्म की टक्कर में संघर्ष हमारा नारा है '' इस अवसर पर अटेवा के संरक्षक सत्यप्रकाश मिश्र ने मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष का स्वागत एवं माल्यार्पण किया ।विशिष्ट अतिथि के रूप में ब्लॉक अध्यक्ष सुजानगंज अजय सिंह,महामंत्री राजीवमणि त्रिपाठी,अटेवा के जिला कोषाध्यक्ष टी एन यादव सदस्य जिला कार्यकारिणी विनोद यादव धर्मापुर ब्लॉक अध्यक्ष मनीष यादव रामनगर अध्यक्ष डॉ रजी अहमद रामपुर अध्यक्ष मानिक चंद पटेल , सिकरारा अध्यक्ष डॉ कृपानिधि यादव जिला संगठन मंत्री संदीप यादव रोहित सिंह मायापति मिश्रा आदि शिक्षक कर्मचारी उपस्थित रहे ।कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिलेश चंद्र उपाध्याय ने तथा संचालन डॉ राजेश उपाध्याय ने किया ।अंत मे जिला संयोजक ने सभी के प्रति आभार जताया।

## जौनपुर में आरक्षियो हेतु नव निर्मित आवासीय भवन का लोकार्पण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा लखनऊ से वर्चुअल आवासीय बैरक / विवेचना कक्ष उद्घाटन किया गया, जिसमे जनपद जौनपुर के कुल 08 आवासीय भवनो का उद्घाटन थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर के परिसर मे कुल 08 थानो का जिसमे थाना सरायख्वाजा के 32 आरक्षीयो का बैरक/ विवेचना कक्ष, थाना जफराबाद के 40 आरक्षीयो का बैरक ,थाना गौराबादशाहपुर के 40 आरक्षीयो का बैरक , थाना सरपतहा के 40 आरक्षीयो का बैरक ,थाना नेवढिया के 32 आरक्षीयो का बैरक , थाना बरसठी के 16 आरक्षी का बैरक , थाना सिगरामऊ के 32 आरक्षी बैरक , थाना सुजानगंज के 32 आरक्षी बैरको का वर्चुअल उद्घाटन मा0मुख्यमंत्री श्री योगीआदित्यनाथ जी द्वारा लखनऊ से समय 11.00 बजे किया गया तथा इस अवसर पर थाना सरायख्वाजा जौनपुर पर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा , शाहगंज विधायक मा0 श्री रमेश सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष पुष्प राज सिंह व लोक निर्माण विभाग जनपद जौनपुर के सम्बन्धित अधिकारी व जनपद के सभी वरिष्ठ पुलिस अधिकारी डा0 संजय कुमार अपर पुलिस अधीक्षक नगर , अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शैलेन्द्र कुमार सिंह, जितेन्द्र दूबे सीओ सीटी , सन्त प्रसाद उपाध्याय क्षेत्राधिकारी सद व प्रभारी निरीक्षक अवनीश कुमार राय व अन्य जनपद के सभी पुलिस अधिकारी कर्मचारीगण के उपस्थित रहे।



## विश्व विख्यात हॉकी खिलाड़ी के जन्म दिवस के रूप में मनाया जायेगा खेल दिवस

शाहगंज/जौनपुर : गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी जिला खेल कार्यालय, जौनपुर के तत्वावधान में दिनांक 29 अगस्त, 2022 को स्व0 मेजर ध्यानचन्द जी विश्व विख्यात हॉकी खिलाड़ी के जन्म दिवस को ''खेल दिवस'' के रूप में मनाया जायेगा। इस अवसर पर 14 वर्ष से कम आयु वर्ग के बालकों की जिला स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन प्रातः 9.30 बजे से इन्दिरा गांधी स्टेडियम सिद्दीकपुर के खेल मैदान पर किया जा रहा है। हॉकी प्रतियोगिता में कुल 08 टीमों को प्रविष्टि दी जायेगी। इच्छुक विद्यालय की टीमें अपनी प्रविष्टि जिला खेल कार्यालय, जौनपुर में उपस्थित होकर दिनांक 24 से 27 अगस्त, 2022 तक कार्यालय अवधि में दर्ज करा सकती हैं। विद्यालय की टीमें अपनी प्रविष्टि विद्यालय के प्रधानाचार्य या खेल अध्यापक के माध्यम से करायेंगी। एक टीम में 16 खिलाड़ी एवं 01 प्रशिक्षक अथवा टीम मैनेजर होंगे, प्रतियोगिता में प्रविष्टि निःशुल्क है। प्रतियोगिता समाप्ति उपरान्त विजेता–उपविजेता टीमों को पुरस्कृत किया जायेगा। अधिक जानकारी के




लिए खेल दिवस प्रभारी श्री चंदन सिंह, उप क्रीड़ा अधिकारी जौनपुर से सम्पर्क कर सकते हैं। उक्त के अतिरिक्त खेल दिवस पर 14 वर्ष से कम आयु वर्ग के बालक एवं बालिकाओं की एथलेटिक्स प्रतियोगिता (60मी0, 100मी0, 200मी0 एवं 400मी0 रेस) का आयोजन किया जाना है। उक्त प्रतियोगिता के आयोजन के लिए कुल 08 इवेन्ट बालक एवं बालिका वर्ग में आयोजित किये जायेंगे जिसमें प्रथम 03 स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को खेल विभाग के मानक के अनुसार पुरस्कृत किया जायेगा।

## बारात से वापस लौट रही कार अनियंत्रित होकर पुल की रेलिंग को तोड़ते हुए खाई मे गिरी : दूल्हे के भाई सहित दो की मौत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मुंगराबादशाहपुर स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्रामसभा गौरैयाडीह मे आई बारात वापस लौटते समय सतहरिया के करीब पुल का रेलिंग तोड़ते हुए खाई मे जाकर गिर गई। जिससे दूल्हे के भाई सहित दो लोगो की घटना स्थल पर ही जहां मौत हो गई वही कार सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। सभी घायलो का प्राथमिक इलाज सीएचसी सतहरिया में करने के बाद बेहतर उपचार हेतु जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। बताते है कि घटना मंगलवार की रात करीब 12 बजे की है। मुंगरा थाना क्षेत्र के ग्राम गौरैयाडीह मे मुन्ना राईन के यहां काली कुत्ती जौनपुर से बारात आई थी। बारात वापस लौटते समय एक कार मे दूल्हे के भाई शकलैन शिद्दीकी समेत पांच लोग जौनपुर जाने के लिए रवाना हुए । जैसे ही जौनपुर रायबरेली हाईवे पर सतहरिया के करीब कार अनियंत्रित होकर पुल पर बने रेलिंग को तोड़ते हुए 10 फिट खाई मे जाकर पलट गई। कार पलटते ही वहा चीख पुकार मच गया। तेज आवाज सुनकर स्थानीय लोग वहा पहुंच गए और मदद करने में जुट गए। सतहरिया चौकी प्रभारी अजय पांडेय भी मौके पर पहुंच कर सभी कार सवार लोगो को किसी तरह से कार से बाहर निकाला। इस हादसे मे ओलन्दगंज जौनपुर निवासी कार सवार दूल्हे के भाई 28 वर्षीय शकलैन शिद्दीकी, 23 वर्षीय सर्वजीत उर्फ राजा की जहां घटना स्थल पर ही मौत हो गई वही कार मे सवार 23 वर्षीय कमलेश रावत , 24 वर्षीय आदित्य उर्फ रीशू , 22 वर्षीय आयुष श्रीवास्तव, निवासीगण काली कुत्ती जौनपुर गंभीर रूप से घायल हो गये ।सभी घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना की जानकारी बारात मे आए अन्य लोगो व लड़की के पक्ष को हुई तो उनके घर में कोहराम मच गया। दोनो पक्ष घटनास्थल पर पहुंचे गये ।इस संबंध में थानाध्यक्ष सदानंद राय व सतहरिया चौकी प्रभारी अजय पांडेय ने बताया कि बारात मे आई कार के चालक से बारातियों से कुछ कहासुनी हो गई थी। जिसके चलते कार चालक कार को छोड़कर फरार हो गया था। मृतक मे से कोई एक युवक कार को चलाकर जौनपुर जा रहे थे और रास्ते मे हादसे का शिकार हो गये। स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए रवाना किया।

## इत्र कारोबारी के प्रतिष्ठान पर आयकर का छापा : 12 घंटे तक चली कार्यवाही : दस्तावेज ले गए अधिकारी

लखनऊ ब्यूरो : लखनऊ में चौक के नादान महल रोड स्थित इत्र कारोबारी खत्री फ्लेवर्स के प्रतिष्ठान में मंगलवार को आयकर अधिकारियों ने छापा मारा। सुबह 11 बजे शुरू हुई कार्रवाई देर रात 11 बजे तक जारी रही। सफेद रंग की इनोवा (यूपी 32 ईन 9304) से पहुंचे अफसर इसी में सीज दस्तावेज ले गए। खत्री फ्लेवर्स के मालिक लल्ला भइया का निधन हो चुका है। उनका व्यापार राजाजीपुरम निवासी पुत्र विक्की संभालते हैं। सूत्रों के मुताबिक टीम ने खत्री फ्लेवर्स के अन्य ठिकानों पर भी छापा मारा। यहां से भी बड़ी संख्या में अहम दस्तावेज सीज किए गए हैं। कई बड़े प्रतिष्ठान इनके क्लाइंट बताए जा रहे हैं। हालांकि, आयकर विभाग के किसी अधिकारी का कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। सूत्रों की मानें तो खत्री फ्लेवर्स का कानपुर कनेक्शन भी खंगाला जा रहा है। इनके वहां के कई प्रतिष्ठानों से अच्छे व्यापारिक संबंध हैं।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## नगर पंचायत उरूवा में बिजली कटौती से जनता त्रस्त

गोरखपुर मंडल प्रभारी आशुतोष चौधरी : सरकार भले ही अपनी दावा को विकास के तौर पर कागजी पेश कर रही है, लेकिन अगर जमीनी हकीकत देखा जाए तो कुछ और ही नजर आ रहा है। जी हां एक ऐसा मामला धुरियापार फिडर का है पावरहाउस से जुड़े सभी तार जर्जर हो चुके रोड के किनारे लगा बिजली विभाग का खम्भा पोल और जर्जर तारों से राहगीरों के लिए मौत का कारण बनता जा रहा है। बिजली विभाग के लिए यह कोई नया मामला नहीं है। इसके पहले भी कई मामला प्रकाश में आया है, लेकिन जरा सा भी फर्क पड़ने वाली नहीं है। प्रदेश की योगी सरकार ने बिजली विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए कड़ा निर्देश दिया है। यदि किसी भी तरह की अनियमितता पाई जाती है, तो उसको बख्शा नहीं जाएगा लेकिन यह सब कुछ फाइलों में सिमट जा रहा है। जिससे जनता का भी सरकार से विश्वास खत्म हो जा रहा है। वहीं ग्रामीण ,सहित अन्य ग्रामीणों का कहना है कि आये दिन लाइट खराब रहती हैं। हम सब लोग चंदा के पैसे से ठीक कराते हैं तब जाके बिजली गाँव तक पंहुचती हैं।

## सिग्नल पर भीख मांगते बच्चों की सुध कौन लेगा?



गोरखपुर मंडल प्रभारी आशुतोष चौधरी : किसी भी शहर के चौराहों पर सिग्नल के लाल होते ही गाड़ियों के शीशे खटखटाते नन्ह्हें हाथों की तस्वीर बहुत आम है। छोटे–छोटे ये बच्चे कभी हाथ फैलाकर भीख मांग रहे होते हैं तो कोई छोटा–मोटा सामान बेच रहे होते हैं। हम और आप भी रोजाना इन्हें देखते हैं लेकिन चुपचाप आगे बढ़ जाते हैं। हम लोगों के मन में कोई सवाल नहीं उठता कि आखिर इनका भी तो बचपन है, इन्हें भी शिक्षा पाने, खेलने–कूदने, अच्छे भोजन और समुचित संरक्षण की जरूरत है। आखिर कौन हैं ये बच्चे? दरअसल, ये बच्चे बेघर हैं। इनमें से कुछ मजबूरी में भीख मांगते हैं, तो कुछ अपने ही मां–बाप या रिश्तेदारों के कहने पर। हालांकि ये तय नहीं होता कि मां–बाप या रिश्तेदार वास्तव में असली हैं। कुछ बच्चे गिरोह के चंगुल में फंसे होते हैं। कई बार ये भी होता है कि केवल भीख मंगवाने का धंधा करने के लिए बच्चों को चोरी किया जाता है। अगर राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की ही बात करें तो यहां करीब 60 हजार बच्चे बेघर हैं जो किसी न किसी कारण भीख मांगने को अभिशप्त हैं। अब दिल्ली हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार व दिल्ली सरकार से भीख मांग रहे इन बच्चों को लेकर जवाब मांगा है। उम्मीद है कि सरकारें अब जमीनी स्तर पर कुछ करने का प्रयास करेंगी और इन बच्चों को भी भीख मांगने के अभिशाप से मुक्ति मिलेगी।

## तेजी से बढ़ रहा है जलस्तर : खतरे के निशान के करीब पहुंची गंगा यमुना

प्रयागराज ब्यूरो : प्रयागराज में गंगा यमुना का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। इससे कछारी इलाकों में रहने वाले लोगों की मुश्किलें बढ़ने लगी हैं। गंगा व यमुना खतरे के निशान के गरीब पहुंचने लगी हैं। नैनी,



फाफामऊ, राजापुर, गंगानगर, दारागंज आदि इलाकों में गंगा के तटवर्ती कालोनियों में पानी भरने लगा है। लोग पलायन की तैयारी कर रहे हैं। प्रशासन म अपने स्तर से बचाव कार्य में जुट गया कई इलाकों में नौका का संचालन किया जा रहा है। शहर में कई जगह पर राहत शिविर स्थापित कर दिया गया है। कोटा में पांच लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने के बाद जालंधर में तेजी से वृद्धि हो रही है।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–
अपनीं निंदा को धैर्य से सुनना चाहिये, यह साबुन का काम करती है।
–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# राजनीति : जनता के पैसे के इस्तेमाल पर बहस कब?

स्वास्थ्य के क्षेत्र में व्याप्त बदहाली का उदाहरण हाल ही में मध्य प्रदेश में दिखा, जहां एक सरकारी अस्पताल में एक बुजुर्ग महिला के घायल सिर की ड्रेसिंग कंडोम के पैकेट से कर दी गई!

राजनीति के मैदान में मुफ्त की रेवड़ियों पर तुमुल कोलाहल है। संकेतों, पूर्व धारणाओं और आरोपों की भीषण प्रतिद्वंद्विता चल रही है। रेवड़ियों के मामले में कोई भी राजनीतिक पार्टी पाक–साफ होने का दावा नहीं कर सकती। इस मामले में राजनीतिक संवाद की जरूरत तो है, पर नारेबाजी और शब्दाडंबरों के जरिये वास्तविक संवाद का रास्ता रोक दिया गया है। मौजूदा स्थिति व्यापक विमर्श की मांग करती है।

इस मुद्दे पर जनता के ध्यान को तात्कालिक समझ लेने और रेवड़ियों को सिर्फ चुनावी लाभ तक सीमित मान लेने की गलती हो सकती है। यह परिभाषित करने की जरूरत है कि मुफ्त की रेवड़ियां क्या हैं। इसकी लागत और इसके सांविधानिक कवच पर भी बहस होनी चाहिए। जनता की चिंता कई बार सार्वजनिक खर्च और करदाताओं का पैसा खर्च करने के मामले में सरकारी दूरदर्शिता की कमी के कारण पैदा गुस्से के रूप में भी सामने आती है।

करीब एक दशक पहले ही राज्य सरकारों ने खर्च के मामले में केंद्र सरकार को पीछे छोड़ दिया था। वर्ष 2016 से 2021 तक केंद्र और राज्य सरकारों का कुल खर्च 37.06 करोड़ रुपये से बढ़कर 64.70 लाख करोड़ रुपये हो गया। इस दौरान राज्य सरकारों का खर्च 23.60 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 42.11 लाख करोड़ रुपये हो गया। इस धनराशि का किस तरह इस्तेमाल किया गया? आम धारणा यह है कि चुने हुए विधायक अपनी जनता का प्रतिनिधित्व करते हैं।

क्या चुने हुए जनप्रतिनिधियों के पास इतना समय और ऐसी सोच है कि वे करदाताओं का पैसा खर्च करने के मुद्दे पर बहस करें? राज्य सरकारों का अब तक का ट्रैक रिकॉर्ड बताता है कि जनप्रतिनिधियों के पास अपनी जनता के बारे में सोचने, सत्तारूढ़ सरकारों के दावों का खंडन करने, सरकारी फंड पर बहस करने और योजनाओं को लागू करने का समय न के बराबर है। पीआरएस लेजिस्लेटिव का अध्ययन बताता है कि वर्ष 2016 से 2021 के बीच राज्य विधानसभाओं की साल में औसत 25 दिन ही बैठकें हुईं।

वर्ष 2021 में सभी राज्यों का कुल खर्च 42.11 लाख करोड़ रुपये था–यानी पिछले साल राज्य सरकारों का प्रति घंटे का खर्च 480 करोड़ और एक दिन का खर्च 11,537 करोड़ रुपये था। पिछले साल राज्य विधानसभाओं की बैठक औसतन 25 दिन हुई–जो 2016 के सालाना 30 दिन से कम है। बदतर यह कि 29 में से 17 राज्य विधानसभाओं की पिछले साल 20 दिन से भी कम, जबकि पांच राज्य विधानसभाओं की 10 दिन से भी कम बैठकें हुईं!

कर्नाटक, ओडिशा, मणिपुर, पंजाब और उत्तर प्रदेश की विधानसभाओं में विभिन्न सत्रों में एक तय संख्या में बैठक करने का नियम है। पर 2016 से 2021 तक कहीं भी इस नियम का पालन नहीं हुआ। पंजाब का ही उदाहरण लीजिए। वर्ष 2021 में इसका ऋण–जीएसडीपी (राज्य की जीडीपी) अनुपात 53.3 फीसदी, वित्तीय घाटा 4.3 प्रतिशत था और राजस्व का पांचवां हिस्सा ब्याज चुकाने में खर्च हुआ था। जाहिर है, राज्य की बदतर वित्तीय स्थिति ध्यान देने की मांग करती थी।

पंजाब विधानसभा की साल में 40 दिन बैठक होने का नियम है। वर्ष 2021 में राज्य में विधानसभा की 11 दिन बैठकें हुईं, जबकि 2016 से 2021 के बीच पंजाब विधानसभा में सालाना औसतन 14 दिन बैठकें हुईं। जनसंख्या के मामले में देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश का उदाहरण लीजिए। वर्ष 2021 में इसका ऋण–जीएसडीपी अनुपात 34.9 प्रतिशत और इसका वित्तीय घाटा 4.3 फीसदी था। वर्ष 2021 में अकेले सामाजिक क्षेत्र में इसका अनुमानित खर्च 1.93 लाख करोड़ रुपये था।

क्या खर्च सही तरीके से किया गया? इसका जवाब करदाताओं के पैसे के इस्तेमाल पर न पूछे गए सवालों में निहित है। नियम कहता है कि उत्तर प्रदेश विधानसभा की साल में कम से कम 90 दिन बैठकें होनी चाहिए। वर्ष 2021 में विधानसभा की बैठकें मात्र 17 दिन हुईं, जबकि 2016 से 2021 के बीच राज्य में सालाना औसतन 21 दिन बैठकें हुईं। कटु सच्चाई यह है कि विधानसभा की बैठकों में फंड के आवंटन और योजनाओं के क्रियान्वयन पर शायद ही कभी बहस होती है।

इसका नतीजा अपर्याप्तता, अक्षमता और घाटे में दिखाई पड़ता है। देश भर में शिक्षकों के 10 लाख से अधिक पद खाली हैं, जिनमें से अकेले बिहार में शिक्षकों के 2.48 लाख पद खाली हैं। स्वास्थ्य के क्षेत्र में व्याप्त बदहाली का उदाहरण हाल ही में मध्य प्रदेश में दिखा, जहां एक सरकारी अस्पताल में एक बुजुर्ग महिला के घायल सिर की ड्रेसिंग कंडोम के पैकेट से कर दी गई! ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्रों में 17,000 से अधिक विशेषज्ञों की कमी है–इनमें से 2,000 से ज्यादा विशेषज्ञों की कमी उत्तर प्रदेश में और 1,200 विशेषज्ञों की कमी ओडिशा में है।

देश भर में पुलिस कर्मियों के पांच लाख से अधिक पद रिक्त हैं–रिक्तियों की सूची में उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, बिहार और मध्य प्रदेश सबसे ऊपर हैं। रोजगार निर्माण के द्वारा निवेश पर भी कोई चर्चा नहीं होती। प्रत्येक राज्य अमूमन हर दूसरे साल अपने यहां निवेश कॉन्फ्रेंस का आयोजन करते हैं, जिसके अंत में करोड़ों रुपये के सहमति पत्र पर दस्तखत किए जाने के दावे किए जाते हैं। लेकिन क्या कभी इस बारे में चर्चा होती है कि करोड़ों के निवेश से कितनी फैक्टरियां स्थापित हुईं और कुल कितने लोगों को रोजगार मिला?

जवाबदेही के मामले में भी उदासीनता दिखती है। वर्ष 2017 से 2020 के बीच राज्य की बिजली वितरण कंपनियों को औसतन 70,000 करोड़ रुपये का घाटा हुआ–यानी रोज 200 करोड़ का घाटा। अनेक राज्यों में राज्य सरकार की लगभग आधी कंपनियां सालाना वित्तीय रिपोर्ट जारी नहीं करतीं। उदाहरण के लिए, तेलंगाना में राज्य सरकार की 66 कंपनियों में से सिर्फ 30 ने ऑडिट के लिए अपने खाते अपडेट किए, तो झारखंड में राज्य सरकार की 31 में से सिर्फ 16 सरकारी कंपनियों ने कैग के ऑडिट के लिए वित्तीय रिपोर्ट जारी कीं।

क्या सरकारी कंपनियों पर कंपनीज ऐक्ट लागू नहीं होते? क्या राज्य सरकारें करदाताओं के प्रति जवाबदेह नहीं हैं? भारत में आर्थिक वृद्धि इस पर निर्भर है कि राज्य सरकारों का प्रदर्शन कैसा रहता है। देश का लगभग हर वर्गकिलोमीटर राज्य सरकारों द्वारा प्रशासित है। भारत के राज्य आजाद देशों की तरह बड़े और जनसंख्या बहुल हैं। भारत की आकांक्षाएं, जाहिर है, राजनीतिक वर्ग की सजगता, पारदर्शिता और जवाबदेही पर निर्भर हैं।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## जिला शिक्षा अनुश्रवण समिति की मासिक बैठक जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न

जौनपुर सू.वि. : जिला शिक्षा अनुश्रवण समिति की मासिक बैठक जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में खण्ड शिक्षा अधिकारी करंजाकला, रामनगर एवं खुटहन द्वारा विकास खण्ड में उनके द्वारा किये गये पर्यवेक्षणीय एवं शैक्षणिक गुणवत्ता सम्बर्धन में किये गये कार्यो की 05 मिनट की पी०पी०टी० के माध्यम से प्रस्तुतीकरण किया गया। जिलाधिकारी के द्वारा विद्यालयों के कायाकल्प से लेकर शैक्षणिक गुणवत्ता को सुधारने को लेकर चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रम व योजनाओं के प्रगति की समीक्षा की गई। उन्होंने बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने पर जोर दिया और कहा कि शिक्षा व्यवस्था को लेकर लापरवाही किसी भी दशा में क्षम्य नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि उत्कृष्ट कार्य करने वालो को पुरस्कृत किया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी बच्चो का आधार कार्ड बन जाएं। मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम ने निर्देश दिया कि अभिभावकों को प्रेरित करें सभी यूनिफॉर्म पहन कर आये। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉक्टर गोरखनाथ पटेल ने खंड शिक्षा अधिकारी एवं ए आर पी को यथा शीघ्र निपुण लक्ष्य की प्राप्ति के लिए जरूरी निर्देश एवं प्रोत्साहन दिया। बैठक मे जिला विकास अधिकारी बीबी सिंह, अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी कमलेश मौर्य, समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी, ए.आर.पी एवं अन्य जिला स्तरीय अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री योगी के दौरे को लेकर अधिकारी और कर्मचारी चौकन्ना : सरकारी दफ्तरों को चमकाने का काम शुरू

हाथरस ब्यूरो : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 25 अगस्त को संभावित दौरे को लेकर कलेक्ट्रेट व विकास भवन में सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी फाइलों को पूरा करने में लगे हुए हैं। अधिकारियों ने कर्मचारियों को समय से पत्रावली पूरी तैयार करने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री के इस दौरे को लेकर जिले भर में खलबली मची हुई है। मंगलवार को दिन भर अधिकारी व कर्मचारी शासन स्तर की योजनाओं के कार्यों को पूरा करने में लगे रहे हैं। ब्लॉक स्तर पर भी ग्राम पंचायत सचिव व अन्य कर्मचारियों के द्वारा भी अपने कार्यों को पूरा किया जा रहा है। सरकारी दफ्तरों को चमकाने का काम शुरू कर दिया गया है। संभावना जताई जा रही है कि अगर मुख्यमंत्री जिले में आते हैं तो वह किसी गांव व किसी स्कूल का भी निरीक्षण कर सकते हैं। इसे लेकर भी प्रशासनिक अधिकारी तैयारियों में जुटे रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग के लोग भी कोविड–19 की तैयारियों को लेकर सतर्कता बरत रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग को यह लग रहा है कि कहीं मुख्यमंत्री जिला अस्पताल या अन्य



किसी स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण न कर लें। इसे लेकर स्वास्थ्य कर्मी अलर्ट है और अपने केंद्रों पर अपने कार्यों को निपटाने में लगे हैं। भाजपा पार्टी के कार्यकर्ता व पदाधिकारी भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आने को लेकर उत्साहित हैं। हालांकि, अभी फाइनल कार्यक्रम नहीं आया है।

## नर्सिंग होम में महिला की मौत : परिजनों ने हंगामा करते हुए सड़क पर लगाया जाम

अलीगढ़ ब्यूरो : महानगर के क्वार्सी क्षेत्र में क्वार्सी बाईपास स्थित धौर्रा के एक निजी अस्पताल में मंगलवार सुबह महिला की मौत पर बखेड़ा खड़ा हो गया। इस दौरान महिलाओं व उनके परिजनों ने हंगामा करते हुए बाईपास पर जाम लगा दिया। खबर पर पहुंची पुलिस ने जैसे तैसे समझाकर मामला शांत किया। इस मामले में डॉक्टर और नर्सिंग होम संचालक पर मुकदमा दर्ज किया गया है। मूल रूप से कमालपुर बाईपास के हरेंद्र की 25 वर्षीय पत्नी संगीता को धौर्रा स्थित केआई हॉस्पिटल में 11 अगस्त को भरती कराया गया। जहां उसका पांच दिन पहले आंतों का ऑपरेशन किया गया। इस दौरान कभी उसे वेंटिलेटर पर तो कभी सामान्य वार्ड में रखा गया। कई बार पूछने पर भी कोई ऐसा जवाब नहीं दिया गया कि हालत कैसी है। मंगलवार सुबह महिला की मौत हो गई। इसके बाद दोपहर तक परिवार को मौत की खबर नहीं दी गई, बल्कि बकाया बिल जमा कराकर मरीज को अन्य अस्पताल में ले जाने की कहने लगे। इस दौरान मांगने पर न तो फाइल दी और न पक्का बिल भी दिया। बल्कि शेष 20 हजार रुपये बताकर जमा करने के लिए दबाव बनाने लगे। इसी बात पर इनके साथ आए लोग बिफर गई और काफी



संख्या में एकत्रित महिलाएं व अन्य लोग हंगामा करते हुए बाहर आ गए। जिन्होंने बाईपास पर जाम लगा दिया। इस सूचना पर इंस्पेक्टर क्वार्सी, सीओ तृतीय आदि पहुंच गए। किसी तरह पब्लिक को समझाकर मामला शांत किया गया। साथ में महिला का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। इंस्पेक्टर क्वार्सी संजय जायसवाल के अनुसार इस मामले में डॉक्टर अब्दुल्ला व संचालक पर इलाज में लापरवाही से मौत का मुकदमा दर्ज किया गया है। बाकी मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई तय होगी।

## एसआईबी ने पकड़ी 50 लाख से अधिक की कर चोरी

अलीगढ़ ब्यूरो : वाणिज्यकर विभाग के विशेष जांच प्रकोष्ठ (एसआईबी) टीम ने तुर्कमान गेट इलाके में छापा मारकर बिना बिल माल माल खरीदने वाली दो फर्मों का माल जब्त किया है। यहां से 50 टन से अधिक पीतल, जिंक तथा अन्य सामान बरामद किया है। अब तक की जांच में चेन्नई से बिना बिल बिल्टी के पीतल मंगाने की 50 लाख से अधिक की कर चोरी उजागर की गई है। विस्तृत जांच में अधिक राशि की टैक्स चोरी का खुलासा हो सकता है। वाणिज्य कर (एसआईबी) के डिप्टी कमिश्नर पंकज कुमार सिंह के अनुसार तुर्कमान गेट स्थित इकरा मेटल और तुर्कमान गेट हड्डी गोदाम के पास सुभाना मेटल कंपनी पर देर शाम को छापा मारा गया। इस दौरान इकरा मेटल स्वामी अलय हसन ने दिल्ली की मलिक मेटल फर्मे से माल खरीदना दिखाया है। मगर वह फर्म क्रियाशील नहीं पाई गई। इसी दफ्तर से दो फर्म भी चल रही थीं। इसी जगह से सुभाना मेटल का गोदाम भी दिखाया गया। उसकी भी जांच हुई। दोनों फर्मों से 50 लाख से अधिक का माल जब्त किया गया है। 50 लाख से अधिक राशि की कर चोरी उजागर होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। सुभाना मेटल की स्वामी कौशर जहां का काम सलीम अंसारी देखते हैं। उपायुक्तक एसआईबी का कहना है कि ये फर्में दो नंबर में माल मंगाकर यहां सप्लाई दे रही हैं। चेन्नई से माल आने की सूचना पर यह कार्रवाई की है। अब इनसे माल खरीदने वाली फर्मों को देखा जा रहा है। उन पर भी कार्रवाई होगी। जांच में उजागर हुआ है कि इकरा मेटल का माल मार्डन ट्रांसपोर्ट से आता है। पूर्व में भी इनका माल पकड़ा गया था। इसी जांच में इकरा व सुभाना का नाम उजागर हुआ था। अब जब्त माल सीज कर दोनों को नोटिस दिया गया है। कार्रवाई करने वाली टीम में ईशा गौतम, संजीव, आदितेय, संजीव गौतम, इमरान खान, एमपी सिंह आदि मौजूद रहे।

## पीएमओ ऑफिस पहुंचे जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह

वाराणसी ब्यूरो : उत्तर प्रदेश सरकार के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह बुधवार को जवाहर नगर स्थित प्रधानमंत्री के संसदीय कार्यालय पहुंचे। इस दौरान वहां मौजूद लोगों ने उनका स्वागत किया।मेयर मृदुला जयसवाल, विधायक सौरभ श्रीवास्तव सहित अन्य लोगों से स्वतंत्र देव सिंह ने मुलाकात किया। इसके बाद चार फरियादियों की समस्याओं की सुनवाई भी किया। संबधित अधिकारियों को कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया। बता दें कि जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह वाराणसी दौरे पर हैं। बुधवार सुबह स्वतंत्र देव सिंह ने काशी में प्लास्टिक मुक्त अभियान की शुरुआत की। इस दौरान मेयर मृदुला जायसवाल सहित नगर निगम की टीम व भाजपा नेता भी मौजूद रहे। अभियान की शुरुआत महावीर मंदिर से हुई। रास्ते मे पड़े प्लास्टिक व कूड़े को उठाते हुए मंत्री अर्दली बाजार की तरफ दलबल के साथ गए। जलशक्ति मंत्री स्वत्रंत देव सिंह, अर्दली बाजार में चाय की चुस्की लेते नजर आए। उनके साथ मेयर मृदुला जायसवाल, महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय, पार्षद अशोक मौर्या आदि लोग भी थे।

## गाजर घास का नियंत्रण मानव और पशुओं के लिए है हानिकारक –डॉ अशोक कुमार सिंह

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : गाजर घास खेत की मेढ़ों एवं परती खेतों पर बहुत तेजी से फैलने वाला खरपतवार है जिससे न केवल फसलों बल्कि मनुष्यों को भी नुकसानदायक होता है। इसलिए इसका नियंत्रण बहुत जरूरी है। इस सम्बंध में किसानों को जागरूक करने हेतु आचार्य नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय कुमारगंज, अयोध्या से संचालित कृषि विज्ञान केंद्र, कठौरा द्वारा 16 से 22 अगस्त के बीच गाजर घास उन्मूलन जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत शेखनगाँव एवं कचनाव गाँवों मे किसानों एवं स्कूली छात्रों को गाजर घास के बारे में जागरुक किया गया। केंद्र के वैज्ञानिक डॉ अशोक कुमार सिंह ने बताया कि गाजर घास वर्ष भर फलता फूलता रहता है तथा न केवल फसलों बल्कि आदमियों के लिए भी एक गंभीर समस्या है। इसके पौधों में विषाक्त पदार्थ पाया जाता है जिसके कारण इसके सम्पर्क में आने तथा घर के आसपास ज्यादा गाजर घास होने से मनुष्यों में एलर्जी, दमा, खुजली, एवं अन्य त्वचा रोगों हो सकता है। डॉ सिंह के अनुसार पशुओं मे भी इसके कारण समस्याएं आती हैं। इसको पार्थिनीयम के नाम से भी जाना जाता है तथा इसकी पत्तियां गाजर की तरह होती है तथा तने पर बहुत से रोएं पाए जाते है। इसके फूलों का



रंग सफेद होता है। इसके एक पौधे से लगभग 2500 पौधे विकसित हो जाते है। वर्षा ऋतू में गांजर घास को फूल आने से पहले जड़ से उखाड़ कर नष्ट करें। केंद्र के वैज्ञानिक डॉ अजीत सिंह वत्स ने किसानों को सुझाव दिया कि फरवरी मार्च माह में परती भूमि पर चकवड़ के बीज बोने से गांजर घास के फैलाव को रोका जा सकता है क्योंकि चकवड़ के पौधे इसको फैलने से रोकते है। वैज्ञानिक डा भाष्कर प्रताप सिंह ने बताया कि ग्लायफोसेट एवं पैराक्वाट जैसे खरपतवार नाशी के छिड़काव से भी रोका जा सकता है। वैज्ञानिक डा देवेश पाठक के अनुसार सभी किसानों के समन्वित प्रयास से ही इस घास को खत्म किया जा सकता है। डा सत्येंद्र के अनुसार खेत के मेढ़े की नियमित सफाई आवश्यक है जिससे यह घास ज्यादा नहीं पनपती है।

## फर्जी आईटीसी के रैकेट का भंडाफोड़ : 1261 करोड़ लेने का खुलासा : राज्यकर की एसटीएफ टीम ने पकड़ा

लखनऊ ब्यूरो : जीएसटी चोरी के खिलाफ शुरू किए गए अभियान के तहत राज्यकर विभाग की एसटीएफ ने फर्जी तरीके से आईटीसी (इनपुट टैक्स क्रेडिट) लेने वाले अंतरराज्यीय रैकेट का भंडाफोड़ किया है। इस रैकेट में यूपी के अलावा उत्तराखंड, हरियाणा, गुजरात, महाराष्ट्र, दिल्ली, तेलंगाना और बिहार के सैकड़ों स्टील और आयरन के व्यापारी शामिल हैं। एसटीएफ की टीम ने इस रैकेट में शामिल करीब 180 व्यापारियों द्वारा अनधिकृत रूप से 1261.26 करोड़ आईटीसी लेने के मामले का खुलासा किया है। अब इन व्यापारियों के खिलाफ एफआईआर कराने की तैयारी की जाएगी। राज्यकर आयुक्त मिनिस्ती एस के निर्देश पर एसटीएफ प्रभारी अपर आयुक्त अरविंद कुमार के निर्देशन में एसटीएफ की टीम ने आईटीसी क्लेम लेने वाले व्यापारियों द्वारा दाखिल रिटर्न का डाटा खंगाला तो पाया कि आयरन व स्टील के व्यापार से जुड़े कई राज्यों के व्यापारियों द्वारा रैकेट बनाकर बोगस आईटीसी लेने का खेल किया जा रहा है। अब तक की जांच में पाया गया कि फर्जी आईटीसी लेने के रैकेट में उत्तराखंड व हरियाणा के 1–1, दिल्ली के 130, राजस्थान, बिहार, गुजरात, महाराष्ट्र और तेलंगाना के 3–3 के अलावा यूपी के 33 सप्लायर शामिल हैं। आयरन और स्टील के इन सभी 180 सप्लायरों द्वारा 1261.26 करोड़ रुपये की अस्वीकार्य आईटीसी लेकर सरकार को राजस्व का नुकसान पहुंचाया गया है। 2430 लोगों को




पहुंचाया गया बोगस आईटीसी का लाभ एसटीएफ की जांच में यह भी पाया गया है कि इन व्यापारियों से संबंधित फर्मों से व्यापारिक लेनदेन के चेन में शामिल व्यापारियों द्वारा भी यूपी समेत अन्य कई राज्यों के 2430 व्यक्तियों को बोगस आईटीसी का लाभ पहुंचाया गया है। राज्यकर मुख्यालय ने जांच में बड़े पैमाने पर बोगस आईटीसी के जरिए हो रही कर चोरी कराने वाले फर्मों और व्यापारियों के बारे में संबंधित राज्यों और केंद्रीय जीएसटी आयुक्त को भी रिपोर्ट भेज दी गई है। साथ ही केंद्र और यूपी राज्यकर के कार्यक्षेत्र से संबंधित 603 व्यापारियों के खिलाफ जोनल आयुक्तों को जांच करने के भी निर्देश दिए गए हैं। इन व्यापारियों द्वारा भी 1090.38 करोड़ रुपये माल की ली गई आपूर्ति (इनवर्ड सप्लाई) पर 192.47 करोड़ की आईटीसी गलत तरीके से लिया गया है।

## शृंग्वेरपुर चौकी प्रभारी रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

प्रयागराज ब्यूरो : नवाबगंज थाना अंतर्गत स्थित शृंग्वेरपुर चौकी प्रभारी एसआई आशीष राय रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया गया। एंटी करप्शन ऑर्गेनाइजेशन लखनऊ की टीम ने उसे फाफामऊ में 10 हजार रुपये लेते पकड़ लिया। टीम ने उसे फाफामऊ पुलिस के सुपुर्द करके उसके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया है। 2015 बैच का एसआई आशीष राय मूल रूप से गाजीपुर के सैदाबाद का रहने वाला है। उसके खिलाफ शृंग्वेरपुर के अहलाद सिंह का पूरा गांव निवासी अयोध्या उर्फ जोधालाल सरोज ने एंटी करप्शन लखनऊ में शिकायत दर्ज कराई थी। आरोप लगाया था कि उस पर दर्ज मुकदमे की विवेचना दरोगा आशीष कर रहे हैं। उसे जेल भेजने की धमकी देकर उससे रुपये ले चुके हैं। यही नहीं अब भी उससे लगातार रुपयों की मांग कर रहे हैं। अयोध्या ने आरोप लगाया कि मंगलवार सुबह भी चौकी इंचार्ज ने फोन कर उसे धमकाया। रुपये लेकर थाने बुलाया। इंकार करने पर जेल भेजने को धमकाया। इसके बाद उसने एंटी करप्शन टीम को फिर शिकायत की। शिकायत मिलने पर टीम लखनऊ से आई और जाल बिछाया। तय योजना के तहत भुक्तभोगी 10 हजार रुपये लेकर पहुंचा। चौकी इंचार्ज ने जैसे ही नोटों की गड्डी थामी, एंटी करप्शन टीम ने उसे दबोच कर गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद दरोगा को फाफामऊ थाने ले जाया गया। वहां उसके खिलाफ एंटी करप्शन टीम के अफसरों ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत केस दर्ज कराया। साथ ही आरोपी को गिरफ्तार करते हुए उसे फाफामऊ पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया।

## दरोगा का बेटा फोन पर बातें करते हुए फंदे पर लटका

प्रयागराज ब्यूरो : कैंट के राजापुर में दरोगा के बेटे रजनीश पांडेय (25) ने फोन पर बातें करते हुए फंदे पर लटककर जान दे दी। पुलिस दरवाजा तोड़कर दाखिल हुई तो उसके कान में ईयर फोन लगा मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं परिजन भी शहर के लिए चल लिए हैं। रजनीश मूल रूप से गोरखपुर के कैम्पियरगंज थाना क्षेत्र के मैसला गांव का रहने वाला था। उसके पिता हरिमाधो पांडेय पुलिस विभाग में दीवान थे, जो वर्तमान में प्रोन्नत होकर उन्नाव में दरोगा की ट्रेनिंग कर रहे हैं। रजनीश राजापुर के ऊंचवागढ़ी मोहल्ले में डॉ. कमालुद्दीन के मकान में किराये पर कमरा लेकर रहता था। उसकी बहन अंजलि सिविल लाइंस में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करती है। पुलिस के मुताबिक, मंगलवार शाम 4.30 बजे के करीब घरवालों ने कई बार फोन लगाया लेकिन रजनीश ने जवाब नहीं दिया। सूचना पर पुलिस पहुंची तो कमरे का दरवाजा भीतर से बंद था। किसी तरह पुलिसकर्मी भीतर दाखिल हुए तो वह फंदे पर लटका मिला। सूचना मिली तो बहन भी आ गई। मोबाइल लिया गया कब्जे में पुलिस सूत्रों का कहना है कि मृतक के कान में ईयरफोन लगा था। ऐसे में पूरी आशंका है कि वह किसी से फोन पर बात करते हुए फंदे पर लटका। कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। बहन भी कोई कारण नहीं बता पाई है। मोबाइल कब्जे में ले लिया गया है। कैंट इंस्पेक्टर रुकुमपाल सिंह का कहना है कि जांच पड़ताल की जा रही है। हफ्ते भर पहले ही आया था गांव से बहन से पूछताछ में पता चला कि रजनीश गांव में रहता था। 16 अगस्त को ही राजापुर स्थित किराये के कमरे में सामान शिफ्ट किया था। वह दो बहनों में अकेला भाई था। पुलिस का कहना है कि जांच पड़ताल की जा रही है।

# पुरानी पेंशन को लेकर हस्ताक्षर अभियान ने पकड़ी रफ्तार : राजीव उपाध्याय चुने गए सिकरारा ब्लाक मंत्री

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के आह्वान पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के तत्वाधान में पूरे प्रदेश में पुरानी पेंशन सहित चार सूत्रीय मांगों को लेकर चरणबद्ध तरीके से आंदोलन चल रहा है जिसके तहत प्रथम चरण में पूरे प्रदेश में हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिलाध्यक्ष अमित सिंह के नेतृत्व में जिले के समस्त ब्लाकों में पूरे जोर शोर के साथ हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। उसी क्रम में जिलाध्यक्ष उपस्थिति में ब्लाक इकाई सिकरारा के समस्त पदाधिकारियों व संघनिष्ठ शिक्षकों की एक महत्वपूर्ण बैठक बीआरसी सिकरारा पर आयोजित हुई। बैठक में ब्लाक अध्यक्ष मृत्युंजय सिंह ने पेंशन बहाली सहित चार सूत्रीय मांगों के समर्थन में चल रहे राष्ट्रव्यापी हस्ताक्षर अभियान की गति की समीक्षा करते हुए हुए वहाँ उपस्थित भारी संख्या में शिक्षको से हस्ताक्षर करवाए। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष श्री सिंह ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि वर्तमान स्थिति में सरकार से संघर्ष के लिए हम सभी को एकजुट होकर इस आंदोलन को



सफल बनाना ही पड़ेगा, क्योंकि सरकार की वादाखिलाफी ने हम सभी को आंदोलन को मजबूर किया है, अब समय आ गया है कि हम अपनी ताकत का एहसास सरकार को कराएं। बैठक में संगठनात्मक दृष्टिकोण से अहम फैसला लेते हुए ब्लाक अध्यक्ष के प्रस्ताव पर सर्वसम्मति से राजीव उपाध्याय को ब्लाक मंत्री चुना गया। इस अवसर पर महिला मोर्चा अध्यक्ष नूपुर श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष अकील रहमान, संयुक्त मंत्री संतोष सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजीव सिंह लोहिया, संरक्षक रवि मिश्र, आत्म प्रकाश पांडे, चंदन सिंह, संदीप सिंह, वैभव सिंह, राजन सिंह, श्यामधर यादव, राकेश सिंह, शिवम सिंह, अमित सिंह, संरक्षक सुरेंद्र प्रजापति, शिवम सिंह, वीरेंद्र सिंह, दिनेश यादव, मुकेश दुबे, नीतू सिंह, आशीष मौर्य इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

# सघन तलाशी के साथ पीयू में हुई एम.एड प्रवेश परीक्षा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों की एम.एड प्रवेश परीक्षा 2022 मंगलवार को परिसर के केंद्रीय मूल्यांकन केंद्र पर आयोजित की गई। यह परीक्षा पूर्वाह्न 11:00 बजे से 2:00 बजे तक हुई। सघन तलाशी के बाद ही परीक्षार्थियों को प्रवेश दिया गया। परीक्षा के दौरान कुलपति, कुलसचिव और परीक्षा नियंत्रक की टीम लगातार निरीक्षण कर रही थी। नवीन केंद्रीय मूल्यांकन के दोनों केंद्रों पर 969 विद्यार्थियों की परीक्षा आयोजित की गई थी। इसमें 239 विद्यार्थी किन्हीं कारणों से सम्मलित नहीं हो सके। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस. मौर्य ने मूल्यांकन कक्ष के दोनों ब्लॉकों का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिया की हर हाल में पूरे सुचिता के साथ परीक्षा कराई जाए। मूल्यांकन केंद्र के ए–ब्लॉक के केंद्राध्यक्ष डॉ सुनील कुमार और बी– ब्लॉक के केंद्राध्यक्ष प्रोफेसर राजेश शर्मा ने कहा कि एमएड प्रवेश परीक्षा पूरी पारदर्शिता और कड़ी निगरानी के साथ संपन्न कराई गई है। सीसीटीवी कैमरे और वीडियो रिकॉर्डिंग के बीच बुकलेट और ओएमआर शीट खोली गई। दोनों केंद्रों पर पर्यवेक्षक के रूप में प्रोफेसर प्रदीप कुमार, सहायक कुलसचिव अजीत




कुमार, डॉ मनीष कुमार गुप्ता सहायक कुलसचिव अमृत लाल पटेल निगरानी कर रहे थे। इस दौरान विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक वीएन सिंह और सहायक कुलसचिव श्रीमती बबीता सिंह अपनी टीम के साथ लगातार भ्रमण कर रहीं थीं। इस बीच कुलपति ने आईबीएम में चल रही परिसर की सेमेस्टेर परीक्षा का भी निरीक्षण किया। इस दौरान केंद्राध्यक्ष डा. रसिकेश के साथ सुशील कुमार, डा. दिग्विजय सिंह राठौर, प्रमेंद्र विक्रम सिंह, प्रभाकर सिंह, श्रुति श्रीवास्तव, मनोज त्रिपाठी, अनुपम आदि थे। सेमेस्टर परीक्षा में भी गहन तलाशी ली जा रही थी।


# बामी – भटेवरा के बीच बसुही नदी पर पुल बनने का मामला पहुंचा मुख्यमंत्री दरबार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : विकास खंड मछलीशहर की ग्राम पंचायत बामी एवं भटेवरा के बीच बसुही नदी पर पुल निर्माण का मामला स्थानीय सांसद बी पी सरोज ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सम्मुख उठाया है। दशकों से बहुप्रतीक्षित इस पुल के निर्माण के लिए मछलीशहर के पूर्व सांसद स्वर्गीय रामचरित्र निषाद ने भी प्रयास किया था किन्तु जमीनी स्तर पर सफलता नहीं मिल सकी।बामी भटेवरा के बीच सड़क तो पिछले दशक में ही बन गई थी लेकिन नदी पार करने के लिए करीब चार फीट चौड़ा पुल है जिसे स्वामी घनश्यामान्द सरस्वती ( नागा बाबा) ने जनसहयोग से बनवाया था।उनकी मृत्यु के पश्चात से यह पुल यथा स्थिति में पड़ा हुआ है।लोग पैदल और बाइक से इसे पार करते हैं किन्तु ऊंचाई कम होने के कारण यह बरसात में अक्सर डूब जाता है जिस कारण कभी– कभी महीनों तक इन दोनों गांवों का धरातलीय सम्पर्क एक दूसरे से टूट जाता है। इस पुल से स्कूली बच्चों का आना जाना लगा रहता है जिस कारण अनहोनी का डर सदैव बना रहता है।कई बार लोग भरी नदी में बाइक सहित गिर गये हैं किन्तु गनीमत इस बात की रही कि लोगों को हल्की फुल्की चोट ही आई है और कोई अनहोनी नहीं घटित हुई। आपको बताते चलें कि इन दोनों गांवों सहित दर्जनों गांवों के लोगों को बसुही नदी के पार करने के लिए 6 किलोमीटर दूर बंधवा बाजार जाना पड़ता है। नदी पर दूसरा पुल सजई कला एवं ऊंचडीह गांव के बीच है किन्तु दुर्भाग्य यह है कि सजईकला और बामी के बीच की दूरी मात्र 2.5 किलोमीटर है और इस रास्ते में पड़ने वाले नाले पर पुल तो है किन्तु आने जाने के लिए मात्र एक पगडंडी है। मतलब जहां पुल है वहां सड़क नहीं और जहां सडक है वहां पुल नहीं।बामी और सजईकला के बीच सम्पर्क मार्ग न होने का प्रमुख कारण बामी ग्राम पंचायत मछलीशहर ब्लाक, मछलीशहर विधानसभा और मछलीशहर संसदीय क्षेत्र में आता है जबकि सजईकला ग्राम पंचायत मुंगराबादशाहपुर ब्लाक, मुंगराबादशाहपुर विधानसभा एवं जौनपुर संसदीय क्षेत्र में आता है। जिस कारण इन दोनों गांवों के आपस में पास –पास होने के बावजूद आजादी के 75 वर्षों बाद भी स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा ध्यान न दिये के कारण सम्पर्क मार्ग से नहीं जुड़ सके हैं। इस सम्बन्ध में ग्राम पंचायत बामी की निवासी भारतीय जनता पार्टी की महिला मोर्चा मीरगंज की मण्डल अध्यक्ष अनीता पाल कहती हैं कि बामी भटेवरा के बीच पुल बन जाने से बामी,भटेवरा, चितांव,कठार, ऊंचडीह,टिकरा, सहनी, अमोध,महापुर, भुसौला , राजापुर सहित दर्जनों गांवों के लोगों एवं स्कूली बच्चों को सहूलियत होगी।

## अखंड भारत संकल्प दिवस का कार्यक्रम जनपद के दो स्थानों पर संपन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अखंड भारत संकल्प दिवस का कार्यक्रम जनपद के दो स्थानों पर आज आयोजित किया गया। अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल एवं राष्ट्रीय व्यापार परिषद के तत्वाधान में जोगीवीर बाबा जफराबाद सिरकोनी ब्लाक अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता अतवारी बाबा जोगीवीर व संचालन चंद्रप्रकाश विभाग महामंत्री अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद ने किया कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में तरुन शुक्ला महामंत्री अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद काशी प्रांत एवं संजय दुबे प्रांतीय संगठन मंत्री अहिप रहे श्री शुक्ल ने अपने संबोधन में कहा आज आवश्यकता है अपने आप को अखंड बनाने की,आज आवश्यकता है अपने परिवार को अखंड बनाने का लिए संकल्प लेने की। जब हम स्वयं में अखंड होंगे





तो मेरा परिवार मेरा गांव नगर जिला प्रांत व राष्ट्र की अखंड होगा। हमें जात पात भेदभाव ऊंच–नीच के इन जहरीले बाद के नागो को हमेशा हमेशा के लिए समाप्त करने की आवश्यकता है। हमें अपने नन्हे–मुन्ने बच्चों से लेकर वृद्ध तक को एक साथ मिलाकर उन्हें मोतियों की भाती पिरोने की आवश्यकता है। जब हम स्वयं में अखंड होंगे हमारे मन में ह्रदय में किसी तरह का भेदभाव नहीं होगा।

# डेंगू के लक्षण व बचाव के लिए स्वास्थ्य महकमा ने आशाओं को किया प्रशिक्षित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : डेंगू क्या है ? बीमारी के लक्षण, इससे कैसे बचना है ? जैसे विषयों पर स्वास्थ्य महकमा ने मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभाकक्ष में आशाओं को प्रशिक्षित किया।



फाइलेरिया विभाग के दयाशंकर, कृष्ण प्रताप दुबे ,मलेरिया विभाग के सतीश कुमार ,डीपीएम अवनीश सिंह ने आशाओं को बताया कि प्रतिदिन आप सब डोर टू डोर गाँव में जाएंगी। परिवार के सदस्यों की संख्या यदि किसी सदस्य में बुखार पाया जाता है तो तत्काल इसकी सूचना आरआरटी टीम को देना सुनिश्चित करें। आरआर टी टीम मौके पर पहुंचकर बुखार से पीड़ित व्यक्ति के बारे में विधिवत जानकारी करेगी। आशाओं को यह भी बताया गया कि घर पहुंच कर लोगों को इस बात के लिए भी जागरूक करें कि पानी की टंकी में, कूलर, रेफ्रिजरेटर , वाहन के टायर , फेंके गए कप, प्लास्टिक ,नारियल के गोले , पाइप में वाटर , निर्माण स्थल कहीं भी किसी भी दशा में यदि पानी का जमा हुआ है तो उसे संपूर्ण नष्ट करना सुनिश्चित करें। क्योंकि पानी के जलजमाव में ही डेंगू का लारवा पाया जाता है। इसलिए जलजमाव कहीं भी न होने दें। आशाओं को मलेरिया का स्लाइट बनाने का प्रशिक्षण पूर्व में ही दिया जा चुका है। फाइलेरिया अधिकारी दयाशंकर ने बताया कि आप लोग गांव में डोर टू डोर पहुंचकर अपनी नैतिक जिम्मेदारी का निर्वहन करें ताकि समय रहते डेंगू जैसी बीमारी पर नियंत्रण पाया जा सके।

# दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : चंदवक पुलिस ने अपहरण ,दुष्कर्म व पॉस्को एक्ट में आरोपित को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेज दिया। चंदवक थानाध्यक्ष रमेश कुमार हमराहियों संग गश्त कर रहे थे कि बतौर मुखबिर सूचना मिली कि अपहरण, दुष्कर्म व पास्को एक्ट में आरोपित किशन कुमार राजभर पुत्र सुरेंद्र राजभर निवासी बराभनपुर को क्षेत्र के मोरखा नहर पुलिया के पास भागने के लिए खड़ा है।पुलिस तत्परता से उसे दबोच लिया।

## कम्पोजिट ग्रान्ट के दुरूपयोग मे जगापुर प्राथमिक विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक निलंबित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : महराजगंज विकास खण्ड के जगापुर प्राथमिक विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक दिलीप कुमार यादव को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जौनपुर डा० गोरखनाथ पटेल ने कम्पोजिट ग्रान्ट के दुरूपयोग व अन्य कई आरोपो मे प्रधानाध्यापक को निलंबित कर दिया ! जगापुर के शिक्षामित्र पूर्व प्रधान व वर्तमान प्रधान, कोटेदार द्वारा आईजीआरए पोर्टल पर बारी बारी से की गयी शिकायतो की जांच करते हुए खण्डशिक्षाधिकारी महराजगंज अरविन्द कुमार पांडेय ने प्रधानाध्यापक दिलीप कुमार यादव पर पठन पाठन मे रूचि न रखने समय से विद्यालय न आना जाना ,लगातार दस दिन अनुपस्थित रहते हुए भी तथ्य छुपाकर बाद मे हस्ताक्षर बनाकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराने जैसे कई आरोपो की प्रथम दृषटया सही पाये जाने की आख्या प्रस्तुत किये जाने पर जिला बेसिक शिक्षाधिकारी डा० गोरखनाथ पटेल ने प्रभारी प्रधानाध्यापक दिलीप कुमार यादव को निलंबित कर दिया है।

## झोलाछाप डॉक्टरों के इलाज से मरीजों की लगातार मौत को लेकर विधायक गंभीर

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : झोलाछाप डॉक्टरों के इलाज से लगातार हो रही मरीजों की मौत को लेकर बदलापुर के विधायक रमेश चंद्र ने हादसा गंभीर हैं। उन्होंने प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग के उप मुख्य सचिव , स्वास्थ्य विभाग के महानिदेशक को पत्र भेज कर जिले में संचालित निजी अस्पतालों की सूची चाही है! उन्होंने सभी अस्पतालों के नाम पता , रजिस्ट्रेशन संख्या, किसके नाम से वह अस्पताल रजिस्टर्ड है जैसे विन्दु पर सूची मांगी है! उन्होंने सूची की उपलब्धता के बाबत बताया है कि ताकि गैर पंजीकृत चिकित्सकों जिनके इलाज से मरीजों की लगातार मौत हो रही है पर अंकुश लगाया जा सके! विधायक ने आरोप लगाया है कि अवैध अस्पतालों के संचालन से प्रति दिन रोजाना किसी न किसी मरीज के मौत का दुखद समाचार गलत आपरेशन के कारण हो रहा है! जिस पर रोक थाम लगवाया जाना आवश्यक है! उन्होंने यह सूचना तीन दिवस के भीतर चाही है!

# एक किलो गाजा के साथ एक गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बरसठी थाना क्षेत्र के चतुर्भुजपुर गांव के पास मेन सड़क पर पुलिस मुखबिर की सूचना पर एक व्यक्ति को एक किलो 50 ग्राम गाजा के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया ।थाना प्रभारी दिनेश कुमार ने बताया कि पुलिस परियत में गश्त कर रही थी मुखबिर की सूचना पर चतुर्भुजपुर गांव के मेन सड़क पर पहुची तो पुलिस देखकर एक व्यक्ति भागने लगा तो दौड़ाकर उसे पकड़ा ।पकड़े गए व्यक्ति के पास एक किलो 50 ग्राम गाजा मिला ।पकड़ा गया व्यक्ति खेथई कोहार निवासी निगोह थाना बरसठी के खिलाफ आवश्यक धारा में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया ।गिरफ्तारी टीम में थाना एसआई राजकुमार यादव के साथ सुरेश यादव ,नरेंद्र प्रसाद शामिल थे।

# सहायक आचार्य पद के चयन हेतु लिखित परीक्षा 25 को

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर में संचालित विभिन्न संकाय के विज्ञापित सहायक आचार्य के पदों पर चयन हेतु लिखित परीक्षा 25 अगस्त 2022 गुरुवार को विश्वविद्यालय परिसर स्थित नवीन मूल्यांकन भवन में तीन पालियों में होगी। 11:00 से 12:00 बजे एमबीए कंप्यूटर साइंस मैथमेटिक्स रिन्यूएबल एनर्जी द्वितीय पाली 1:00 से 2:00 एमबीई बायोटेक्नोलॉजी तृतीय पाली में 3:00 से 4:00 बजे एमएचआरडी की परीक्षा होगी। प्रवेश परीक्षा में कुल 462 अभ्यर्थी शामिल होंगे। सभी अभ्यर्थियों का प्रवेश पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड हैं। परीक्षा की सुचिता के लिए कड़े इंतजाम किए गए हैं। कक्ष निरीक्षकों को भी अपने परिचय पत्र के साथ रहना होगा। यह जानकारी परीक्षा नियंत्रक वी एन सिंह ने दी है।

# माह–जून 2022 के सापेक्ष राशन का वितरण 25 से प्रारम्भ होकर 31 अगस्त 2022 तक सम्पन्न होगा –जिला पूर्ति अधिकारी

जौनपुर सू.वि. : जिला पूर्ति अधिकारी संतोष विक्रम साही ने सर्वसाधारण को अवगत कराया है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत आच्छादित अन्त्योदय तथा पात्र गृहस्थी राशनकार्डों को माह–अगस्त 2022 के द्वितीय चक्र में किये जाने वाले माह–जुलाई 2022 के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न (गेहूँ तथा चावल) तथा माह–जून 2022 के सापेक्ष आवश्यक वस्तुओं (तेल, नमक एवं चना) का वितरण 25 अगस्त 2022 से प्रारम्भ होकर 31 अगस्त 2022 तक सम्पन्न होगा। माह–अगस्त 2022 में होने वाले खाद्यान्न एवं अन्य आवश्यक वस्तुओं के वितरण के सम्बन्ध में विवरण निम्नवत् तालिका में प्रदर्शित है। पात्र गृहस्थी/अन्त्योदय कार्ड धारक हेतु गेहूँ प्रति कार्ड निर्धारित दर 02 रू0 प्रति किग्रा0, चावल 03 रू0 प्रति किग्रा0, आयोडाइज्ड नमक, रिफाइण्ड तेल, साबुत चना निःशुल्क वितरण किया जायेगा। उक्त योजनान्तर्गत वितरण की अन्तिम तिथि 31 अगस्त 2022 होगी, जिस दिन आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं हेतु मोबाइल ओ.टी.पी. वेरीफिकेशन के माध्यम से वितरण सम्पन्न किया जा सकेगा। तत्क्रम में जनपद के समस्त उचित दर विक्रेताओं को निर्देशित किया जाता है कि वे पूर्व में जारी सोशल डिस्टेन्सिंग के निर्देशो का पालन कराते हुए नियमानुसार अन्त्योदय राशनकार्डों पर 35 किग्रा0 प्रति कार्ड एवं पात्र गृहस्थी राशन कार्डों से सम्बद्ध यूनिटों पर 05 किग्रा0 खाद्यान्न प्रति यूनिट के आधार पर निर्धारित दर गेहूँ– रू0 02 प्रति किग्रा0 तथा चावल– रू0 03 प्रति किग्रा0 के अनुसार तथा अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को आयोडाइज्ड नमक (01 किग्रा0 प्रति कार्ड), दाल/साबुत चना (01 किग्रा0 प्रति कार्ड) तथा रिफाइण्ड ऑयल (01 ली0 प्रति कार्ड) निःशुल्क वितरण पर्यवेक्षणीय अधिकारियों की उपस्थिति में करना सुनिश्चित करेंगे साथ ही अपनी उचित दर दुकानों पर उक्त योजना के सम्बन्ध में खाद्यान्न वितरण निर्धारित मात्रा व निर्धारित दरों का एवं आवश्यक वस्तुओं (तेल, नमक एवं चना) के निःशुल्क वितरण की सूचना चस्पा करेंगे, ताकि कोई भी पात्र लाभार्थी खाद्यान्न प्राप्त करने से वंचित न रह जाये।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आश्रय गृह पुराना पान दरीबा प्रेमराजपुर जौनपुर का निरीक्षण एवं विधिक साक्षरता शिविर का किया गया आयोजन

जौनपुर सू.वि. : उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार वृद्धजनों को राज्य सरकार की योजनाओं एवं उनके अधिकार के प्रति जागरूक किये जाने हेतु श्रीमती वाणी रंजन अग्रवाल, जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जौनपुर की अनुमति से सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विवेक विक्रम द्वारा 23 अगस्त 2022 को आश्रय गृह पुराना पान दरीबा, प्रेमराजपुर, जौनपुर का निरीक्षण एवं विधिक साक्षरता/जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विवेक विक्रम द्वारा ''माता–पिता एवं वरिष्ठ नागरिको का भरण पोषण कल्याण अधिनियम 2007'' के बारे में बताते हुए कहा गया कि कोई भी वरिष्ठ नागरिक, जिसकी आयु 60 वर्ष अथवा उससे ज्यादा है इसके अंतर्गत माता–पिता भी आते हैं, जो कि अपनी आय या अपनी संपत्ति के द्वारा होने वाली आय से अपना भरण–पोषण करने में असमर्थ हैं, वो अपने वयस्क बच्चों या रिश्तेदारों से भरण–पोषण प्राप्त कर सकते है। इस अधिनियम में यह भी प्रावधान है कि अगर रखरखाव करने का दावा करने वाल दादा–दादी या माता–पिता हैं ओर उनके बच्चे या पोता–पोती अभी नाबालिग हैं तो वो अपने रिश्तेदार जो उनकी मृत्यु के बाद उनका उत्तराधिकारी होगा पर भी दावा कर सकते हैं। ऐसी परिस्थिति में जब वरिष्ठ नागरिक इस शर्त पर अपनी सम्पत्ति अपने उत्तराधिकारी के नाम कर चुका हो कि वह उसकी आर्थिक और शारीरिक जरूरतों का भरण–पोषण करेगा और ऐसे में अगर समपत्ति का अधिकारी ऐसा नहीं करता है तो माता–पिता या वरिष्ठ नागरिक अपनी सम्पत्ति वापस ले सकता है। वरिष्ठ नागरिक या माता–पिता दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के प्रावधान के तहत भी न्यायिक दण्डाधिकारी प्रिम श्रेणी न्यायालय में भरण–पोषण का आवेदन पेश कर सकते हैं। वरिष्ठ नागरिकों की उपेक्षा या फिर उन्हें घर से निकाल देना एक गंभीर अपराध है और इसके लिए पांच हजार रूपये का जुर्माना या तीन महीने की कैद या दोनों हो सकते है।

# सारनाथ में दिसंबर तक पूरा होगा बुद्धिस्ट सर्किट का काम : पर्यटकों को मिलेंगी ये सुविधाएं

वाराणसी ब्यूरो : सारनाथ में बुद्धिस्ट सर्किट को विकसित करने का काम तेजी से चल रहा है। विकास कार्य के साथ इसे रोजगार से जोड़ने पर फोकस है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 72.63 करोड़ से सर्किट के विकास कार्य के लिए प्रो–पुअर प्रोजेक्ट का शिलान्यास किया था। उम्मीद है कि काम दिसंबर तक पूरा हो जाएगा। सारनाथ और आसपास के चौराहों और तिराहों का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। जिसमें 29 स्मारकों को आपस में जोड़ने एवं जीर्णोद्धार का कार्य भी शामिल है। वीडीए की उपाध्यक्ष ईशा दुहन ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रदेश के धार्मिक स्थलों को विकसित कर उन्हें रोजगार से जोड़ने के विजन का असर दिखने लगा है। सारनाथ में प्रो–पुअर प्रोजेक्ट का विकास कार्य तेजी से चल रहा है। एक ओर सारनाथ के आसपास रहने वालों की आय बढ़ेगी वहीं रोजगार के अवसर भी मिलेंगे। पुरातत्व विभाग से एनओसी मिलने के बाद निर्माण कार्य ने रफ्तार पकड़ ली है। बुद्धिस्ट सर्किट का विकास कार्य विश्व बैंक की सहायता से किया जा रहा है। प्रोजेक्ट के तहत सारनाथ को टूरिस्ट फ्रेंडली बनाया जा रहा है। योजना में पर्यटकों की सुविधा के साथ स्थानीय लोगों के व्यापार का भी खास ध्यान रखा जा रहा है। सारनाथ में खूबसूरत पैडेस्ट्रियल पथ, पर्यटकों के बैठने के लिए आरामदायक जगह बनाई जा रही है।



इसके अलावा स्ट्रीट लाइटिंग, हेरिटेज स्ट्रीट लाइट, फसाड लाइट, व्यवस्थित पार्किंग (बुद्धा थीम पार्क ) की व्यवस्था की जाएगी। खोमचे वालों का भी होगा पुनर्वास वीडीए उपाध्यक्ष ने बताया कि स्थानीय ठेलों खोमचे वालों का पुनर्वास किया जाएगा। उनके लिए खास कस्टमाइज्ड मोबाइल व्हीकल की व्यवस्था होगी। हेरिटेज लुक वाले कियोस्क बनाए जाएंगे। बनारसी समेत किसी देश विशेष के खानपान की सुविधा होगी। यहां सोविनियर, जीआई उत्पाद, ओडीओपी आदि की दुकानें भी होगीं।

# अलीगढ़ में लंपी के प्रकोप से 1630 पशु बीमार : सात गोवंश की मौत

अलीगढ़ ब्यूरो : राजस्थान और गुजरात में कहर बरपाने वाली लंपी स्किन डिजीज (एलएसडी) ने जिले के 1630 पशुओं को बीमार कर दिया है। पशुओं में लंपी स्किन बीमारी थमने का नाम नहीं ले रही है। पिछले सप्ताह से जिले में यह बीमारी पैर पसार चुकी है। सरकारी रिकार्ड के अनुसार किसी भी पशु की जिले में इस बीमारी से मौत नहीं हुई है, परंतु पिसावा व टप्पल में किसान इस बीमारी से सात पशुओं के मरने का दावा कर रहे हैं। इस रोग के प्रकोप को देखते हुए बचाव के लिए गाइड लाइन जारी की गई है। साथ ही पशु चिकित्सकों की 12 टीमें गठित कर निगरानी शुरू कराई गई है। टीम हर दिन निरीक्षण एवं उपचार को लेकर रिपोर्ट तैयार करेगी। इन दिनों गो आश्रय स्थल में रखी गईं गायों के साथ ही किसानों की पालतू गायों में भी रोग फैल रहा है। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. बीपी सिंह ने बताया कि लंपी बीमारी के शुरू में ही पकड़ में आने से गोशालाओं में स्थिति काबू में हैं। जिले के पशुपालकों से लंपी से पीड़ित पशुओं को अलग रखने और तत्काल पशुपालन विभाग को सूचित करने की अपील की जा रही है। ताकि स्वस्थ पशुओं तक इस संक्रमित बीमारी को पहुंचने से रोका जा सके। टीमें गांवों में जाकर किसानों को इस बीमारी से बचने के सबंध में जागरूक कर रही हैं कि वह पशुओं को मच्छरों से बचाकर रखें।



पशुओं को चारे के लिए बाहर न निकालें। जनपद में अब तक लंपी से पीड़ित 1630 पशुओं की पहचान की गई है। अभी रोग से पीड़ित किसी पशु की मौत नहीं हुई है। निगरानी के लिए 12 टीमों का गठन किया गया है। हर दिन टीमें निरीक्षण कर बीमार पशुओं की सेहत की जांच करेंगी और रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। जिले में करीब 3.25 लाख पशु हैं। इनके लिए वैक्सीन की मांग की गई है, जल्द मिलने पर पशुओं का टीकाकरण किया जाएगा।

## सूत्र के मुताबिक परिषदीय विद्यालयों में अभी तक नहीं पहुंची नौनिहालों की पुस्तक : कैसे होगी पढ़ाई

अयोध्या ।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)जिले के मिल्कीपुर तहसील के कई क्षेत्रों में चार माह से अधिक बीत जाने के बाद भी परिषदीय विद्यालयों में किताबें नहीं पहुंची ।जिससे बच्चों का शैक्षणिक गुणवत्ता खतरे में बना हुआ है ।उनका भविष्य अंधकारमय होता दिखाई दे रहा है ।वहीं अधिकारियों के द्वारा विद्यालयों का औचक निरीक्षण का शैक्षिक गुणवत्ता पर की जा रही है और अपना दामन बचाने में जुटे हुए हैं। सूत्र के मुताबिक अयोध्या जिले के मिल्कीपुर तहसील अंतर्गत शिक्षा क्षेत्र अमानीगंज, हैरिंग्टनगनज व मिल्कीपुर से जुड़ा हुआ है जहां परिषदीय विद्यालयों में बच्चों का पठन–पाठन किया जा रहा है ।लेकिन बच्चों तक किताबें नहीं पहुंची जिससे बच्चों का शैक्षणिक गुणवत्ता खतरे में बना हुआ है जिससे बच्चे पठन–पाठन करने में भारी कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं और अधिकारियों के द्वारा गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा की हकीकत लगातार पर की जा रही है और वह अपना दामन बचाने में जुटे हुए हैं अब सवाल उठ रहा है कि जब किताबें ही नहीं पहुंच रही है तो कैसे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलेगी ।कंपोजिट विद्यालय गोकुला, प्राथमिक विद्यालय पूरब गांव, प्राथमिक विद्यालय नरेंद्र भादा, अमानीगंज, गोयड़ी, प्राथमिक विद्यालय कर्मडाडा, प्राथमिक विद्यालय सिधौना, पूर्व माध्यमिक विद्यालय सिधौना,



प्राथमिक विद्यालय अकमा, बहादुरगंज, प्राथमिक प्राथमिक विद्यालय घटौली, प्राथमिक विद्यालय पुरे भवानी, प्राथमिक विद्यालय मंझनपुर, प्राथमिक विद्यालय नरसंडा,प्राथमिक विधालय रामपुर गौहनिया, हरदोईया, गनेशपुर , भिटारी आदि विद्यालयों के छात्र छात्राओं ने बताया कि किताबें ना मिलने से पठन–पाठन में भारी घटनाएं हो रही हैं जो किताबें पहले से थी उन्हें किताबों से पढ़ाई की जा रही है ।इस संबंध मे खंड शिक्षा अधिकारी अमानीगंज–मिल्कीपुर पंकज मिश्रा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि अभी किताबें विद्यालय मैं नहीं पहुंची हैं जिसके चलते छात्र छात्राओं को पढ़ने में कठिनाइयां हो रही है ।बीआरसी मुख्यालय पर कक्षा 1,2,3 की कुछ किताबें आई है लेकिन अभी तक वितरण नहीं हो पाई है।

## सूत्रों के मुताबिक मकर संक्रांति 2024 तक रामलला हो सकते है गर्भगृह में विराजमान

अयोध्या ।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)राम नगरी अयोध्या में राम जन्मभूमि पर भगवान श्री राम की भव्य मंदिर का निर्माण हो रहा है ।सूत्र के मुताबिक दिसंबर 2023 तक गर्भगृह के निर्माण का कार्य पूरा हो जाएगा ।जानकारो की मानें तो जनवरी 2024 मकर संक्रांति पर श्री रामलला को गर्भगृह पर विराजमान कराया जाए। इसलिए निर्माण स्थल पर रात दिन कार्य किया जा रहा है। तो वही निर्माण कार्य के दौरान पत्थरों की आपूर्ति व कारीगरों की संख्या बढ़ाए जाने के साथ 2024 के भव्य आयोजन की तैयारी को लेकर भी ट्रस्ट ने मंथन शुरू कर दिया है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के द्वारा किए जा रहे मंदिर निर्माण को लेकर विश्व हिंदू परिषद के प्रांतीय प्रभारी शरद शर्मा ने बताया कि श्री राम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर निर्माण के लिए ट्रस्ट संस्था कृत संकल्पित है जिसका निर्माण प्रधानमंत्री के गृहमंत्री के प्रेरणा से हुआ है और ऐसी संस्था श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास, महासचिव चंपत राय और इस निर्माण कार्य को देखने वाले आईएस रिटायर नृपेंद्र मिश्र हैं इन सबके संयोजक में यह कार्य बड़ी तीव्रता के साथ चल रहा है कि भगवान भव्य मंदिर में विराजमान हो और यह प्रयास है कि 2023 में दिसंबर तक गर्भगृह का निर्माण हो जाए और जनवरी 2024 में मकर संक्रांति के अवसर भगवान



अपने गर्भ गृह में विराजमान हो इस तरह का प्रयास हो रहा है ।वहीं इस मौके पर उन्होंने कहा कि इस कार्य को करने के लिए रात को दिन एलएन्डटी के लोग और टाटा के इंजीनियर लगे हुए हैं और जिस प्रकार से कार्य रात दिन चल रहा है उसको लोग देख भी रहे हैं रात के निर्माण कार्य का दर्शन भक्तों को तो नहीं हो पाता लेकिन सुबह जब दर्शन का समय होता है तो राम झरोखे से दर्शन भी कर रहे हैं और उस निर्माण कार्य को देखकर प्रसन्न चित्त हो रहे हैं मुझे लगता है कि यह निर्माण कार्य अपनी गति में चल रहा है और रात को दिन कार्य होता रहा तो 2023 दिसंबर तक गर्भ ग्रह का निर्माण हो जाएगा साथ ही 2024 में भगवान श्री रामलला विराजमान होंगे लाखों भक्त जगमोहन में खड़े होकर दर्शन करेंगे ऐसा प्रयास तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट द्वारा किया जा रहा है।

## ज्ञानवापी–श्रृंगार गौरी केस : 12 सितंबर को आएगा फैसला

वाराणसी ब्यूरो : ज्ञानवापी–श्रृंगार विवाद में मुकदमा आगे चलेगा या नहीं, इस पर फैसला 12 सितंबर को आ सकता है। जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की कोर्ट में बुधवार को तीन घंटे से अधिक सुनवाई चली। वादिनी महिलाओं की दलीलों पर मुस्लिम पक्ष यानी अंजुमन इंतेजामिया मसाजिद कमेटी ने अपनी जवाबी बहस रखी। फिलहाल,



जिला जज की कोर्ट में कई तारीखों से ऑर्डर–7 रूल–11 पर चल रही दोनों पक्ष की बहस पूरी हो चुकी है। जिला जज की अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। अदालत ने सुनवाई की अगली तिथि 12 सितंबर तय की है। माना जा रहा है कि अब 12 सितंबर को अदालत अपना फैसला सुनाएगी कि मां श्रृंगार गौरी का केस आगे सुनवाई योग्य है या नहीं। जवाबी बहस में मसाजिद कमेटी ने दावा किया है कि ज्ञानवापी मस्जिद वक्फ की संपत्ति है। इसलिए ज्ञानवापी मस्जिद से संबंधित मसले की सुनवाई का अधिकार वक्फ बोर्ड को है न कि सिविल कोर्ट को। प्रति उत्तर में वादिनी महिलाओं की ओर से कहा गया कि आलमगीर मस्जिद के कागजात पेश कर मुस्लिम पक्ष उसे ज्ञानवापी मस्जिद का बता रहा है। ज्ञानवापी को वक्फ की संपत्ति बताकर धोखाधड़ी की जा रही है। एक साल पहले दर्ज हुआ मुकदमा, जानें अब तक क्या हुआ राखी सिंह सहित पांच महिलाओं ने पिछले वर्ष सिविल जज (सीनियर डिविजन) की अदालत में श्रृंगार गौरी के दर्शन–पूजन व ज्ञानवापी को सौंपने संबंधी मांग को लेकर गुहार लगाई थी। प्रतिवादी अंजुमन इंतजामिया मसाजिद ने प्रार्थनापत्र देकर वाद की पोषणीयता पर सवाल उठाया। मुकदमे की सुनवाई करते हुए सिविल जज सीनियर डिवीजन की अदालत ने ज्ञानवापी परिसर के सर्वे का आदेश दिया था। कोर्ट कमिश्नर के सर्वे के दौरान हिंदू पक्ष ने दावा किया कि ज्ञानवापी के वजूखाने में आदिविश्वेश्वर का शिवलिंग मिला है। वह एक अहम साक्ष्य है, इसलिए उसे संरक्षित किया जाए। हिंदू पक्ष के दावे पर कोर्ट ने वजूखाने को सील करने का आदेश दिया था। इस पर मुस्लिम पक्ष ने सुप्रीम कोर्ट में सर्वे के आदेश के खिलाफ याचिका दाखिल की थी। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया कि मुकदमे की सुनवाई जिला जज की कोर्ट करे। 27 मई से मामले की सुनवाई जिला जज की अदालत में चल रही है। अब 12 सितंबर पर सभी की निगाहें हैं।

## अयोध्या की रामलीला में भाजपा के तीन सांसद सहित अनेक फिल्मी व टीवी कलाकार दर्शकों का करेंगे मनोरंजन

अयोध्या ।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) एक बार फिर से राम नगरी अयोध्या में रामलीला खेली जाएगी। सरयू तट स्थित लक्ष्मण किला के मैदान में रामलीला के लिए आज भूमि पूजन किया गया। इस बार भाजपा के तीन सांसद अयोध्या की रामलीला में रामायण के किरदार से श्रद्धालुओं का मन मोहेंगे ।अयोध्या की रामलीला में आजमगढ़ सांसद दिनेश लाल यादव उर्फ निरहुआ लक्ष्मण तो दिल्ली से सांसद मनोज तिवारी परशुराम व गोरखपुर सांसद रवि किशन केवट राज के किरदार में जान फूंकेंगे। साल 2021 में रवि किशन परशुराम और मनोज तिवारी केवट बने थे। इस बार दोनों के किरदार बदल गए हैं। अयोध्या में रामलीला के तीसरे संस्करण का मंचन 25 सितंबर से शुरू होकर 5 अक्टूबर को खत्म होगी। अयोध्या के रामलीला में बॉलीवुड के अभिनेता और अभिनेत्रियों की धूम रहेगी। रामलीला में बिंदू दारा सिंह हनुमान, गजेंद्र चौहान राजा जनक, शाहबाज खान रावण, गुफी पेंटल नारद मुनि, गिरजा शंकर दशरथ, कपिल शर्मा शो की बुआ उपासना सिंह कैकेई, दीक्षा रैना सीता, राहुल बुचर राम व रजा मुराद महर्षि विश्वामित्र की भूमिका निभाएंगे ।राम नगरी अयोध्या स्थित लक्ष्मण किला मैदान के महंत मैथलीरमण शरण व अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता की उपस्थित में वैदिक ब्राह्मणों ने भूमि पूजन कराया ।इस अवसर पर रामलीला में राम व सीता की भूमिका निभाने वाले राहुल बुच्चार व दीक्षा रैना भी मौजूद रहे ।इस बार खास किस्म के एलईडी का प्रयोग किया जाएगा ।रामलीला का शाम 7 बजे से रात्रि 10 बजे तक लाइव टेलीकास्ट कराया जाएगा। साथ ही विशेष प्रसाद वितरित किया जाएगा।

## यूपी में युवाओं को नकली फूड सप्लीमेंट प्रोटीन बांटने का डॉक्टर व जिम संचालक पर भाजपा सांसद बृजभूषण सिंह ने लगाया आरोप

अयोध्या ।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) यूपी के मेरठ में नकली फूड सप्लीमेंट प्रोटीन और स्टेरॉयड इंजेक्शन की खेप मिलने के बाद भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष व भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने योगी सरकार से दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है इसके साथ ही साथ होम्योपैथिक डॉक्टरों प्रदेश में संचालित तमाम जिम व पहलवानी के कुछ अखाड़ों में भी शक्ति वर्धक सप्लीमेंट और इंजेक्शन का प्रयोग किये जाने का आरोप लगाया है। और कहा है कि युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। जिस पर तत्काल प्रतिबंध लगाना चाहिए। दरअसल कल यूपी के मेरठ जनपद में बड़ी संख्या में नकली फूड सप्लीमेंट प्रोटीन और शक्ति वर्धक इंजेक्शन के खेप की बरामदगी किया है। और आरोपियों के खिलाफ योगी सरकार ने कठोर कार्रवाई की है ।भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष व कैसरगंज के सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि इस तरीके की प्रतिबंधित और नकली सामान वेट गेनर प्रोटीन और शक्तिवर्धक इंजेक्शन तथा फूड सप्लीमेंट प्रदेश में संचालित कुछ जिम और कुछ पुराने उस्ताद शरीर बनाने के नाम पर युवाओं को भटकाने का काम कर रहे हैं बच्चों को तंदुरुस्त और खूबसूरती के नाम पर नकली शक्ति वर्धक फूड सप्लीमेंट और प्रोटीन इंजेक्शन के नाम पर जहर खिला रहे हैं कैसरगंज के बाहुबली सांसद ने होम्योपैथ के ऊपर हमला बोलते हुए कहा कि कई होम्योपैथ के डॉक्टर भी इन प्रतिबंधित दवाओं का इस्तेमाल कर रहे हैं शक्तिवर्धक प्रोटीन फूड सप्लीमेंट और इंजेक्शन का युवाओं पर दुष्प्रभाव



पड़ रहा है। इस संबंध में सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि यह खेल केवल मेरठ में ही नहीं बल्कि अन्य शहरों की तरफ भी तेजी के साथ चल रहा है उन्होंने कहा कि कुछ जिम वाले हैं कुछ पुराने उस्ताद हैं जिस में कुश्ती के लोग भी शामिल हैं। किसी एक को इस मामले के लिए दोषी नहीं कहा जा सकता बृजभूषण शरण सिंह ने सरकार पर सख्ती बरतने के साथ संचालित जीमो पर भी छापेमारी की मांग किया है उत्तर प्रदेश सरकार की कार्रवाई पर बधाई देते हुए कैसरगंज के बाहुबली सांसद ने कहा कि इस तरीके से पूरे देश व्यापी अभियान चलाकर फूड सप्लीमेंट के नाम पर जहर बेचने वाले पर कार्रवाई होना चाहिए।

## बुटराड़ा की महापंचायत में पहुंचे राकेश टिकैत : किसानों को करेंगे संबोधित

शामली ब्यूरो : उत्तर प्रदेश के शामली दिल्ली–देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर की भूमि का मुआवजा बढ़ाने की मांग को लेकर आज बुटराड़ा में महापंचायत आयोजित की जा रही है, जिसमें जिले के किसानों के अलावा बागपत, मुजफ्फरनगर और सहारनपुर के किसान भी हिस्सा ले रहे हैं। मुख्य अतिथि भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत हैं। किसान संघर्ष समिति ने मंगलवार को ही पंचायत की सारी तैयारी पूरी कर ली थीं। बुधवार सुबह से ही पुलिस–प्रशासन भी महापंचायत को लेकर सतर्क है। हाईवे के लिए अधिग्रहीत भूमि का मुआवजा बढ़ाने की मांग को लेकर जिले के 22 गांवों के करीब 25 सौ किसान आंदोलनरत हैं। 28 जुलाई से बुटराड़ा में अनिश्चितकालीन धरना चल रहा है। इस प्रकरण को लेकर बागपत टीकरी में पंचायत भी हो चुकी है। जिसमें 24 अगस्त को शामली में महापंचायत की घोषणा की गई थी। धरना स्थल के समीप ही करीब 50 बीघा जमीन पर टेंट लगाया गया है। ट्रॉलियों से मंच तैयार किया गया है। धरना स्थल पर ही किसानों के लिए भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। महापंचायत में मुख्य अतिथि राकेश टिकैत हैं। महापंचायत में सैकड़ों की संख्या में किसान ट्रैक्टर ट्रॉलियों से पहुंचे हैं। बाबरी थानाध्यक्ष वीरेंद्र कसाना ने भी पंचायत स्थल का निरीक्षण किया। हाईवे निर्माण में करें सहयोगः डीएम डीएम जसजीत कौर ने बयान जारी करते हुए कहा कि दिल्ली–देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर के लिए अधिग्रहीत भूमि का 389 करोड़ में से 345 करोड़ का मुआवजा किसानों को वितरित किया जा चुका है। किसानों की सहमति के आधार पर करीब 90 प्रतिशत भूमि पर कब्जा हाईवे निर्माण के लिए लिया जा चुका है। यह कब्जा 22 गांवों में लेना था। 21 गांवों में काम पूरा हो चुका है। डीएम ने धरने पर बैठे किसानों से अपील की कि प्रशासनिक स्तर पर किसानों की जो समस्याएं हैं, उनके निस्तारण का प्रयास किया जाएगा। इसलिए हाईवे निर्माण में सभी सहयोग करें।

## नेशनल यूनियन ऑफ ग्रामीण डाक सेवक की बैठक में आदित्य तिवारी मण्डल अध्यक्ष व इंद्रजीत यादव मण्डल सचिव निर्वाचित

अयोध्या ।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) गत दिनों बरनवाल सेवा सदन (तुलसी उद्यान के पीछे) नया घाट अयोध्या में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक नेशनल यूनियन ऑफ ग्रामीण डाक सेवक का द्विवार्षिक मण्डलीय अधिवेशनः गिरिजा शंकर सिंह के अध्यक्षता मे सम्पन हुआ ।सूत्र के मुताबिक इस अधिवेशन में मुख्य अतिथि के रूप में आर. पी. त्यागी (प्रांतीय सचिव यू.पी.)उपस्थिति रहे ।इस अधिवेशन में प्रदेश के पदाधिकारी तथा मण्डल के समस्त ग्रामीण डाक सेवक मौजूद रहे ।वही इसी कड़ी में इस अधिवेशन में सर्वसम्मति से आदित्य तिवारी को मण्डल अध्यक्ष व इंद्रजीत यादव को मण्डल सचिव चुना गया ।इसके



अलावा इस मौके पर कई अन्य कार्यकारिणी सदस्य चुने गए। इस मौके पर वहां पर मौजूद सभी लोगों ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दिया।

## शाहजहांपुर में पुलिस कस्टडी से बदमाश फरार : लखनऊ जेल से पेशी पर आया था बिजनौर : 41 मुकदमे हैं दर्ज

बिजनौर ब्यूरो : उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर में हरदोई मोड़ पर रेड चिली ढाबे से बिजनौर का रहने वाला बदमाश आदित्य राणा तीन पुलिसकर्मियों को चकमा देकर फरार हो गया। आदित्य राणा की फरारी पर बिजनौर में पुलिस अलर्ट मोड पर है। जगह–जगह चेकिंग की जा रही है। संभावना जताई जा रही है कि बदमाश आदित्य राणा बिजनौर आ सकता है। पुलिस के अनुसार आदित्य राणा ढेरों अपराध कर चुका है। उस पर हत्या, लूट व रंगदारी के कुल 41 मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने फिलहाल उसकी तलाश तेज कर दी है। जानकारी के अनुसार बिजनौर का रहने वाला बदमाश आदित्य राणा पुलिस की कस्टडी से शाहजहांपुर में फरार हो गया। आदित्य के फरार होने के बाद बिजनौर पुलिस भी अलर्ट हो गई। जिले के बॉर्डर पर निगाह रखने के साथ–साथ छह टीमों को तलाश में लगाया गया है। मंगलवार की रात शाहजहांपुर में हरदोई मोड़ पर रेड चिली ढाबे से आदित्य राणा उस वक्त फरार हो गया जब उसे पेशी पर लाने वाले तीन पुलिसकर्मी खाना खाने के लिए रुके थे। बताया जा रहा है कि आदित्य शौचालय गया और दीवार फांद कर भाग निकला। लखनऊ



जेल से मंगलवार को ही बिजनौर कोर्ट में उसे पेशी पर लाया गया था। जानकारी के अनुसार आदित्य स्योहारा थाना क्षेत्र के गांव राणा नंगला का रहने वाला है। आदित्य राणा पर गांव के ही दो भाइयों की हत्या समेत मर्डर के तीन केस दर्ज है। पहला मुकदमा साल 2013 में हत्या का दर्ज हुआ था। आदित्य राणा पर कुल 41 मुकदमे दर्ज हैं। वह फिलहाल लखनऊ जेल में बंद था। आदित्य की फरारी के बाद बिजनौर पुलिस सतर्क हो गई है। एसओजी सर्विलांस समेत शहर पुलिस की टीमों को लगाया गया है। एसपी दिनेश सिंह ने सभी थाना प्रभारियों को अलर्ट किया है।

## अति व्यस्ततम इलाका देवकाली तिराहा पर कार का शीशा तोड़कर चोर बैग लेकर फरार : आईसी देवकाली ने चोरी गये बैग को किया वापस

अयोध्या ।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)अभी तक कोतवाली नगर क्षेत्र में सिर्फ आटो लिफ्टर वह ठप्पे बाज गिरोह ही सक्रिय रहे जो वाहन स्वामी के पलक झपकते ही वाहन या उनके डिग्गी आदि से कीमती सामान गायब कर देते थे ।परंतु अब कोतवाली नगर क्षेत्र में एक और गिरोह सक्रिय हो गया है जो किसी भी कार जीप आदि वाहन से पलक झपकते ही खिड़की का शीशा तोड़कर कीमती सामान गायब कर रहे हैं ।इसका जीता जागता उदाहरण सोमवार को शाम सात बजे कोतवाली नगर क्षेत्र के देवकाली चौकी से महज सौ मीटर से कम की दूरी पर उस समय दिखाई दिया जब अति व्यस्ततम इलाका देवकाली तिराहा के समीप खडी एक कार का शीशा तोड़कर इस गिरोह के सदस्यों ने कार के अंदर रखे बैग को फरार हो गए। भुक्तभोगी के मुताबिक जब थोड़ी देर में उक्त वाहन के स्वामी जब उस कार के समीप आये तो देखा कि कार का शीशा टूटा था ।वही कार के अंदर रखा बैग भी गायब था ।जिसके चलते वाहन स्वामी के पैरों तले जमीन खिसक गई ।उन्होंने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दिया ।पुलिस को सूचना मिलते ही काफी सक्रियता दिखाते हुए देवकाली चौकी प्रभारी सुनील कुमार व उनकी टीम ने सीसीटीवी फुटेज की सहायता से वाहन स्वामी के बैग को बरामद कर उन्हें सौंप कर सराहनीय कार्य किया। लेकिन सवाल यह उठता है कि इस समय जहां यह घटना हुई वहा से देवकाली चौकी महज सौ मीटर भी नहीं है ।वही इस समय प्रदर्शनी चलने के चलते वहां लोगों की भीड़ व जाम होने के चलते पुलिस की तैनाती भी रहती हैं ।वहा पर अनेक दुकान होने के चलते लोगों की अच्छी खासी भीड़ दिखाई देती है ।वह भी शाम को सात बजे। वही इस संबंध मे चौकी प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि इस वारदात को करने वाला गिरोह शीघ्र ही पुलिस की गिरफ्त में होगा ।वैसे सामान को बरामद कर वाहन स्वामी को सौंप दिया गया है ।परंतु इस घटना से वहां के आसपास के लोगो में भय दिखाई दे रहा था।

## टेनी के बयान पर भाकियू कार्यकर्ताओं में उबाल : मुजफ्फरनगर में फूंका पुतला

मुजफ्फरनगर ब्यूरो : लखीमपुर खीरी प्रकरण को लेकर केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा उर्फ टेनी की ओर से किसान नेता राकेश टिकैत के खिलाफ दिए बयान को लेकर भाकियू कार्यकर्ताओं में आक्रोश है। भाकियू प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत पर की गई टिप्पणी से नाराज कार्यकर्ताओं ने उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में भाजपा नेता केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा उर्फ टेनी का पुतला फूंका। भाकियू कार्यकर्ताओं ने कहा कि टेनी को तुरंत ही मंत्रीमंडल से बर्खास्त कर देना चाहिए। तहसील अध्यक्ष राहुल अहलावत ने कहा कि टेनी के खिलाफ धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। भाजपा सरकार को अपने मंत्री पर कार्रवाई करनी



चाहिए। पुतला फूंके जाने की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई है। इससे पहले चरथावल और शहर के मीनाक्षी चौक पर भाकियू कार्यकर्ताओं ने टेनी का पुतला फूंका। भाकियू कार्यकर्ताओं ने कहा कि टेनी केंद्रीय गृह राज्य मंत्री के सम्मानित पद पर है, इसलिए उन्हें संभलकर बोलना चाहिए।

## चंदौली के नामी व्यापारी के घर से नौ करोड़ कैश बरामद : जालसाज बेटा गिरफ्तार

चंदौली ब्यूरो : चंदौली से एक बड़ी खबर आ रही है। तेलंगाना राज्य की पुलिस ने बुधवार जालसाजी के मामले में रविनगर स्थित एक बड़े व्यापारी के बेटे को जालसाजी और धोखाधड़ी के आरोप में गिरफ्तार किया है। इस दौरान पुलिस ने आरोपी के घर से नौ करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि समेत लैपटॉप और कम्प्यूटर बरामद किया है । कोतवाली पहुंचे पुलिस अधीक्षक सहित अन्य सुरक्षा एजेंसी के अधिकारी भी आरोपी से पूछताछ में लगे हुए हैं। सूत्रों के अनुसार मुगलसराय कोतवाली क्षेत्र के रविनगर निवासी आरोपी अभिषेक जैन एक एप के माध्यम लोगों से पैसे इन्वेस्ट कराता था । लोगों को अपने झांसे में फंसाने के लिए एक निर्धारित अवधि में राशि को दोगुनी करने का प्रलोभन देता था। आरोपी ने



तेलंगाना राज्य के कई लोगों को अपने एप के माध्यम से ठगी का शिकार बनाया था। इस मामले में हैदराबाद के साइबर सेल ने आरोपी के खिलाफ एक मुकदमा दर्ज किया । इसके बाद तेलंगाना राज्य की पुलिस ने आरोपी को उसके घर से धर दबोचा और आगे की कार्रवाई में जुट गई।

सम्पादक मंडल
पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी
प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0
लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक
श्रीमती हेमा त्रिपाठी
मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1
deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।